बुधवार, 26 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 27 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदयः 5:55 | सूर्यास्तः 16:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिंदगी में आदमी ठंड और घमंड दोनों से अकड़ जाता है, दोनों से बचना चाहिए।



वायु प्रदूषण कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन, नई प्रौद्योगिकी पर ध्यान देना होगा: गडकरी पृष्ठ 8

# राम मंदिर के शिखर पर लहराई धर्म ध्वजा



**अयोध्या:** 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। अयोध्या में बने भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा लहरा गया। पीएम मोदी ने शुभ मुहूर्त में 22 फीट लंबे, 11 फीट चौड़े और लगभग 3 किलो वजनी धर्म ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित देशभर से आए करीब 7000 मेहमान इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। ध्वजारोहण से पूर्व पीएम मोदी ने सप्तमंदिर में सप्त ऋषियों के दर्शन और भगवान राम की आरती की।

## राम मंदिर ध्वजारोहण युगांतकारी, सदियों के जख्म भर रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां राम मंदिर ध्वजारोहण को 'युगांतकारी' क्षण की संज्ञा देते हुए कहा कि 'सदियों के जख्म और दर्द भर रहे हैं' क्योंकि 500 साल पुराना संकल्प आखिरकार राम मंदिर के औपचारिक निर्माण के साथ पूरा हो रहा है। मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कहा कि ''राम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, एक मूल्य हैं, एक मर्यादा हैं, एक दिशा हैं और अगर भारत को 2047 तक विकसित बनाना है, अगर समाज को शक्तिशाली बनाना है तो हमें अपने भीतर राम को जगाना होगा।'' इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री रामलला की भव्य-दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। मोदी ने भगवान राम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमें अपने भीतर के राम की समीक्षा करनी होगी। इस संकल्प के लिए आज से बेहतर दिन क्या हो सकता है।'' उन्होंने कहा, ''आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है।'' मोदी ने कहा कि पवित्र ध्वज इस बात का सबूत होगा कि असत्य पर आखिरकार सत्य की जीत होती है।'' उन्होंने मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों का उल्लेख करते हुए इस अवसर पर कहा, ''मैं इस खास मौके पर राम भक्तों को बधाई देता हूं, उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में दान दिया या किसी भी तरह से मदद की।'' प्रधानमंत्री ने समारोह में यह भी कहा, ''2047 तक जब हम भारत की आजादी के 100 साल पूरे कर लेंगे, तो हमें एक विकसित भारत बनाना होगा।''



## ध्वजारोहण एक नए युग की शुरुआत : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आभार व्यक्त किया। योगी ने कहा कि भगवान राम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान और आत्मगौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन उन संतों, योद्धाओं और राम भक्तों को समर्पित है जिन्होंने आंदोलन के लिए अपना जीवन अर्पित किया। उन्होंने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व संभालने के बाद देश में संकल्प और विश्वास की नई ऊर्जा जगी, जिसका प्रतिफल आज भव्य राम मंदिर के रूप में सामने है। योगी ने कहा कि मंदिर के ऊपर फहराया ध्वज सत्य, न्याय, गरिमा और राष्ट्रीय धर्म का प्रतीक है। यह एक विकसित भारत की दृष्टि को भी दर्शाता है जहां विरासत और विकास साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, जिसे कभी उपेक्षित किया गया था, अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी बन चुकी है।

## क्या है धर्म ध्वजा

10 फीट ऊंचे और 20 फीट लंबे समकोण वाले तिकोने झंडे पर एक चमकते सूरज की तस्वीर है, जो भगवान श्री राम की चमक और वीरता का प्रतीक है, और इस पर कोविदारा पेड़ की तस्वीर के साथ 'ॐ' लिखा है। केसरिया रंग ध्वजा की खासियत की बात करें तो समकोण त्रिभुजाकार धर्म ध्वजा की ऊंचाई 10 फुट और लंबाई 20 फुट है। ध्वज पर उकेरा गया दीप्तिमान सूर्य भगवान राम के तेज और वीरता का प्रतीक माना जाता है। इस पर 'ॐ' का चिन्ह और कोविदार वृक्ष की आकृति भी अंकित है।

## ध्वजारोहण से बलिदानियों की आत्मा को मिली शांति: मोहन भागवत

इस अवसर को सार्थक और गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए भागवत ने कहा कि राम मंदिर के लिए बलिदान देने वाले लोगों की आत्मा को आज शांति मिली होगी। भागवत ने कहा कि मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया अब पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने अशोक सिंघल, महंत रामचंद्र दास महाराज, विष्णु हरि डालमिया जैसे संतों और विचारकों के योगदान को याद किया, जिन्होंने मंदिर आंदोलन के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रामराज्य का ध्वज शिखर पर फहराया जाना विश्व में सुख, शांति और सद्भाव का प्रतीक है। भगवा रंग धर्म का प्रतीक है और ध्वज पर अंकित कोविदार वृक्ष रघुकुल की सत्ता और देवगुणों का संकेत देता है। भागवत ने कहा कि यह ध्वज उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है जो व्यक्ति, परिवार और विश्व के कल्याण का मार्ग दिखाते हैं।

## अगर मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश की तो पूरे देश को हिला दूंगी : ममता

- **एसआईआर के खिलाफ रैली में केंद्र व भाजपा पर जमकर बरसीं मुख्यमंत्री**
- **मतुआ के गढ़ ठाकुरनगर में ममता ने तीन किमी लंबे पैंदल मार्च का किया नेतृत्व**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर मंगलवार को केंद्र पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि अगर उन्होंने मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश की, तो पूरे देश में भाजपा की नींव हिला दूंगी। ममता ने चेतावनी दी कि वे (भाजपा व केंद्र) बंगाल को चोट पहुंचाने व मेरे साथ खेल खेलने का साहस न करें। एसआईआर के खिलाफ उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में मतुआ समुदाय के गढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम कटने पर केंद्र सरकार भी गिर जाएगी। ममता ने कहा कि भाजपा के लिए 2029 और भयंकर होगा। उन्होंने दावा किया कि आगामी आम चुनाव के बाद भाजपा की सरकार नहीं रहेगी। बंगाल दखल करते-करते भाजपा गुजरात भी हार जाएगी। यहां तक कहा कि भाजपा अभी से भागने की जगह खोज ले। ममता ने एसआईआर के खिलाफ दूसरी बार सड़क पर उतरते हुए रैली के बाद मतुआ के गढ़ में बनगांव से ठाकुरनगर तक तीन किलोमीटर लंबे पैदल मार्च का भी नेतृत्व किया। हाल में बिहार में हुए चुनाव का उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि वहां का चुनाव नतीजा एसआईआर का परिणाम है। विपक्ष वहां भाजपा का खेल नहीं



समझ पाया। हम उनका खेल समझते हैं, और हम बंगाल में उनका खेल सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने जोर दिया कि अगर उन्होंने बंगाल को चोट पहुंचाने या छूने की कोशिश की, तो हम पूरे देश को हिला देंगे। ममता ने कहा कि भाजपा उनके खिलाफ साजिश कर रही है, लेकिन वह न तो डरती हैं और न ही पीछे हटने वाली हैं।





INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 **M** +91 89810 89014

**Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.**

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** Toll Free No. **1800 889 1704**

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555






## पाक ड्रग-माफियाओं से बचाएं पंजाब के बच्चों को

नापाक पाक की ओर से सीमावर्ती राज्य पंजाब को अस्थिर करने की साजिश पिछली सदी से लगातार की जा रही है। लेकिन अब नशे का नश्तर सुनियोजित ढंग से इसके सीने पर जिस ढंग से चलाया जा रहा है, वह परेशान करने वाला है। पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को एक नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है। दरअसल, सीमा पार बैठे नशा माफिया कानून के छिद्रों व परिस्थितियों का लाभ उठाने से नहीं चूकते। अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के किशोरों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन किशोरों में कई आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों से हैं। जिन्हें चंद रुपयों का प्रलोभन दिया जाता है। उन्हें स्मार्टफोनों का लालच भी दिया जाता है। इसके अलावा जो किशोर नशे की दलदल में धंस चुके हैं उनकी कमजोर नस को पकड़कर उन्हें मुफ्त ड्रग्स का लालच दिया जाता है। किसी भी देश के किशोरों का नशे के संजाल में फंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार होते हैं। यदि वे अभी से नशे की दलदल और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में लग जाएंगे तो देश-समाज का भविष्य कैसा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। जिस काम को किशोर लालच से अंजाम दे रहे हैं, सही मायनों में वह बेहद खतरनाक है। वे ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट व कुछ मामलों में खतरनाक अवैध हथियार उठाते हैं और उन्हें ड्रग माफिया द्वारा बताए गए एजेंटों तक पहुंचाते हैं।

दरअसल, आमतौर पर किशोरों की सामान्य सक्रियता को संदिग्ध नहीं माना जाता। उनका साफ-सुथरा रिकॉर्ड उन्हें कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नजर से बचा लेता है। यदि नाबालिगों की गिरफ्तारी होती भी है तो वे भारतीय कानूनों के हिसाब से गंभीर सजा से बच जाते हैं। इस तरह, उनकी कम उम्र ही उन्हें सीमा पार बैठे नशे के तस्करों के लिये उपयोगी बना देती है। इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करते समय प्रवर्तन एजेंसियों को उदार रवैया अपनाना चाहिए। दरअसल, कुछ बच्चे परिस्थितियों के मारे भी होते हैं। वे मूलत: अपराधी नहीं होते। कुछ शातिर अपराधी उनका इस्तेमाल करके इस अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। सही मायनों में वे सीमा पार से रची गई साजिश और हमारी अपनी व्यवस्था की कमजोरियों के कुचक्र व उससे उपजी आपराधिक व्यवस्था में आसानी से फंस जाते हैं। असल में, भारतीय किशोर न्याय कानून का उद्देश्य नाबालिगों को सुधारना और सुरक्षा करना होता है। लेकिन इस कानून की मूल भावना का लाभ संगठित नेटवर्कों द्वारा अपने मंसूबों को अंजाम देने को उठाया जा रहा है। हम 21वीं सदी में नशे की तस्करी का मुकाबला बीसवीं सदी के उपायों से नहीं कर सकते हैं। कभी-कभार होने वाली गिरफ्तारियां, छिटपुट छापे और उदार चेतावनी अपर्याप्त कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से अपराध की घातकता के अनुरूप ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। सीमा की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाये जाने की सख्त आवश्यकता है। स्कूलों, पंचायतों, सामुदायिक नेताओं और नागरिक समाज को पहले ही चेतावनी प्रणालियां बनानी चाहिए, ताकि पहचान हो सके कि बच्चों की परवरिश किस ढंग से की जा सके। इस दिशा में अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे बच्चों के पथभ्रष्ट होने के खतरे के प्रति सचेत रहें। समुदायों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जोखिम के दायरे में आ सकने वाले युवाओं को बेहतर शिक्षा, कार्य कौशल और वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे किसी प्रलोभन में आकर गलत राह न चुने। निश्चित तौर पर नाबालिगों का यह दुरुपयोग पंजाब के सामाजिक ताने-बाने व भारत की सुरक्षा पर हमला है।

# भारत की श्रम संहिताएं: एक सुसंगत और आधुनिक नियामक ढाँचे की ओर



**विद्या सौंदरराजन**
**लेखक उन्नत अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं शिक्षण केंद्र (सीएएफआरएएल) से संबद्ध हैं**

दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग (2002) ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि भारत में श्रम कानूनों का जाल अत्यधिक जटिल और खंडित हो गया है। सरकार ने इसकी सिफारिशों पर अमल करते हुए, पिछले सप्ताह वेतन (2019), औद्योगिक संबंध (2020), सामाजिक सुरक्षा (2020), और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा (ओएसएचडब्ल्यू) (2020) पर चार प्रमुख श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया। इसके साथ ही 29 पुराने कानूनों को प्रभावी रूप से एक अधिक सुसंगत ढाँचे में समाहित कर दिया गया। यह एक स्वागत योग्य कदम है: लंबे समय से प्रतीक्षित और हाल के वर्षों में सबसे प्रतीक्षित सुधारों में से एक है। परिभाषाओं को सरल बनाकर, डिजिटल अनुपालन को सक्षम बनाकर और पंजीकरण एवं निरीक्षणों को सुव्यवस्थित करके, ये नई संहिताएँ लालफीताशाही को कम करती हैं, कानूनी अनिश्चितता को कम करती हैं और व्यापार करना, विशेष रूप से विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए, आसान बनाती हैं।

वेतन संहिता एक वैधानिक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करके एक बड़ा बदलाव लाती है। इससे पहले, न्यूनतम वेतन केवल राज्यों के लिए एक दिशानिर्देश के रूप में कार्य करता था और यह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं था। यह संहिता न्यूनतम वेतन को सभी क्षेत्रों तक विस्तारित करती है और पहले की उस व्यवस्था का स्थान लेती है जो केवल अनुसूचित रोजगारों की एक सूची पर लागू होती थी। पुराने ढाँचे के अंतर्गत, निजी सुरक्षा, कुरियर और देखभाल सेवाओं जैसे कई व्यवसायों को अक्सर अलग-अलग राज्य अनुसूचियों से बाहर रखा जाता था। यह सुधार कवरेज को सार्वभौमिक बनाकर और एक बाध्यकारी न्यूनतम वेतन स्थापित करके, श्रमिकों के लिए आय सुरक्षा को मजबूत करता है, साथ ही नियोक्ताओं के लिए श्रम लागत में अधिक पूर्वानुमान प्रदान करता है, जिससे अधिक निष्पक्ष औद्योगिक संबंध और अधिक सूचित व्यावसायिक योजना दोनों को समर्थन प्राप्त होता है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ पुराने कानूनों को एक साथ लाती है और पहली बार असंगठित, गिग और प्लेटफ़ॉर्म कर्मचारियों को भी कवरेज प्रदान करती है। इसमें निश्चित अवधि के कर्मचारी भी शामिल हैं, जो अब स्थायी कर्मचारियों के समान आनुपातिक ग्रेच्युटी और लाभ के हकदार हैं। यह संहिता गिग और प्लेटफ़ॉर्म जैसे गैर-पारंपरिक कार्य रूपों को मान्यता देकर, भारत के श्रम बाजार की बदलती वास्तविकताओं को दर्शाती है। ये बदलाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि शोध में लगातार पाया गया है कि सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच से श्रमिक कल्याण में सुधार होता है, साथ ही उत्पादकता बढ़ती है, अनुपस्थिति कम होती है और कर्मचारियों को बनाए रखने में सुधार होता है। इन मानकों को अपनाने वाली कंपनियाँ प्रतिष्ठा संबंधी लाभ भी प्राप्त कर सकती हैं और पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ईएसजी) लक्ष्यों को प्राथमिकता देने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ अधिक आसानी से जुड़ सकती हैं।

ओएसएचडब्ल्यू संहिता कार्यस्थल कल्याण और सुरक्षा के दायरे का उल्लेखनीय विस्तार करती है। यह वार्षिक स्वास्थ्य जांच (40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए) और कैंटीन, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और क्रेच जैसी कल्याणकारी सुविधाओं को अनिवार्य बनाती है, जिससे ये आवश्यकताएँ व्यापक प्रतिष्ठानों तक विस्तारित होती हैं। ये प्रावधान कारखाना अधिनियम जैसे पूर्ववर्ती कानूनों की तुलना में स्पष्ट सुधार दर्शाते हैं, जिनका कार्यान्वयन असमान रूप से किया जाता था और जो मुख्य रूप से कारखानों पर लागू होते थे। इसके साथ ही, यह संहिता नियोक्ताओं के लिए अधिक सुगमता भी प्रदान करती है। मसौदा प्रावधान राज्य सरकारों को श्रमिकों की सहमति के अधीन, अनुमेय ओवरटाइम घंटों की सीमा निर्धारित करने की अनुमति देते हैं। कई राज्यों ने तब से तिमाही ओवरटाइम सीमा को 75 घंटों से बढ़ाकर 125 या 144 घंटे कर दिया है, जबकि ओवरटाइम कार्य के लिए दोगुना वेतन अनिवार्य कर दिया है। निश्चित रूप से, इन प्रावधानों को व्यवहार में सार्थक बनाने के लिए प्रभावी प्रवर्तन और यह सुनिश्चित करना कि सहमति स्वैच्छिक बनी रहे, अत्यंत महत्वपूर्ण है। फिर भी, जब इन्हें मज़बूत श्रम सुरक्षा के साथ लागू किया जाता है, तो ऐसे उपाय दोनों पक्षों के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं: श्रमिकों के लिए अधिक आय की संभावना और फर्मों के लिए अधिक परिचालन सुगमता प्रदान करना।

औद्योगिक संबंध संहिता, छंटनी और बंद करने के लिए पूर्व सरकारी अनुमोदन की सीमा को 100 से बढ़ाकर 300 कर्मचारियों तक करके, कार्यबल प्रबंधन में अधिक सुगमता लाती है। इससे कंपनियों को आवश्यक कर्मचारी सुरक्षा बनाए रखते हुए, बदलती बाजार स्थितियों के साथ अधिक आसानी से तालमेल बिठाने में सहायता मिलती है। दीर्घावधि में, ऐसी सुगमता औपचारिक रोज़गार सृजन को प्रोत्साहित कर सकता है, क्योंकि कंपनियों द्वारा भर्ती से बचने या कानूनी सीमाओं से नीचे रहने की संभावना कम होती है। इन बाधाओं को कम करके, जैसा कि कई अध्ययनों द्वारा समर्थित है, यह संहिता औपचारिक रोज़गार की ओर बदलाव का समर्थन करती है, जिससे कर्मचारियों को विनियमित कार्य परिस्थितियों, सामाजिक सुरक्षा और रोज़गार स्थिरता तक बेहतर पहुँच मिलती है, साथ ही व्यवसायों को अधिक कुशलता से बढ़ने में सहायता मिलती है।

पुरानी इंस्पेक्टर-राज व्यवस्था से इंस्पेक्टर-कम-फैसिलिटेटर मॉडल में बदलाव, सहयोगात्मक, तकनीक-संचालित अनुपालन की ओर एक कदम है। जोखिम-आधारित, डिजिटल निरीक्षण मनमानी को कम करते हैं और भारत के श्रम ढाँचे को वैश्विक मानकों के करीब लाते हैं। उद्योग जगत ने इस बदलाव का स्वागत किया है, क्योंकि इससे कागजी कार्रवाई कम होगी, ओवरलैप कम होंगे और मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। श्रम सुविधा जैसे एकीकृत पोर्टल के साथ, अनुपालन अब सरल और अधिक पारदर्शी है। हालाँकि कुछ लोग कमज़ोर प्रवर्तन को लेकर चिंतित हैं, लेकिन निरीक्षणों को समाप्त नहीं किया गया है-बस उन्हें अधिक लक्षित, कम दखलंदाज़ी और अधिक पारदर्शी बनाया गया है, जिससे दक्षता और उत्तरदायित्व दोनों में सुधार हुआ है।

अंततः, गैर-मानक रोज़गार रूपों की औपचारिक मान्यता एक दूरदर्शी दृष्टिकोण का संकेत देती है। हालाँकि गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों को अभी तक पूर्ण कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं है और इसलिए उन्हें सामूहिक सौदेबाजी या न्यूनतम वेतन गारंटी जैसे अधिकार प्राप्त नहीं हैं, फिर भी सामाजिक सुरक्षा ढाँचे में उनका समावेश अधिक समावेशी श्रम विनियमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है।

कुल मिलाकर, नई श्रम संहिताएँ भारत के कार्यस्थल कानूनों को आज की अर्थव्यवस्था के अनुरूप बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। इनका उद्देश्य: श्रमिकों की सुरक्षा करते हुए व्यवसायों के लिए विकास और औपचारिक रूप से नियुक्तियाँ करना आसान बनाकर एक संतुलन बनाना है। हालाँकि, असली परीक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि ये सुधार राज्यों में कितनी सुचारू और निरंतर रूप से लागू होते हैं। अगर इन्हें अच्छी तरह से लागू किया जाए, तो ये अनुपालन को सरल बना सकते हैं, कार्य स्थितियों में सुधार ला सकते हैं और भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ा सकते हैं। कुल मिलाकर, ये बदलाव भारत को एक अधिक आसान, निष्पक्ष और समावेशी अर्थव्यवस्था बनाने के अपने लक्ष्य के और करीब ले जाते हैं।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत



**ललित गर्ग**

भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाडा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया।

नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है।

पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए जल्द समझौते तक पहुंचा जाये।

हाल के वर्षों में दुनिया बहुध्रूवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे।

वर्तमान दौर में भारत की वैश्विक छवि एक निर्णायक, प्रभावशाली और विश्व-हितैषी शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक शैली, वैश्विक मंचों पर सक्रियता और विकास-शांति आधारित विदेश नीति ने भारत की स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। दूसरी ओर कनाडा भी एक स्थिर लोकतंत्र और बहुसांस्कृतिक देश के रूप में वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। दोनों देशों की यह समान सोच और नई वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अब आपसी सहयोग के लिए अधिक अनुकूल अवसर पैदा कर रहा है। समीक्षा के इस चरण में यह स्पष्ट है कि भारत-कनाडा संबंधों में आया यह सकारात्मक मोड़ केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि गहरे आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक हितों पर आधारित है। मार्क कार्नी सरकार को भी यह समझ आ रही है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार से दूरी कनाडा की आर्थिक और वैश्विक भूमिका के लिए सही नहीं। वहीं भारत भी उन देशों के साथ संबंधों का विस्तार चाहता है जो तकनीक, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्रों में मूल्यवान साझेदारी दे सकते हैं। यही वजह है कि दोनों देश अब नयी समझ विकसित करते हुए एक ऐसे दौर की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें संवाद, सहयोग और परस्पर सम्मान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में शुरू हुई यह नई गर्माहट एक बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा बल्कि वैश्विक शांति, नई तकनीक, हरित विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। दोनों देश यदि इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते रहे तो यह केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती नहीं देगा, बल्कि एक नई विश्व संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### इजराइल सरकार ने पूर्वोत्तर भारत से शेष 5,800 यहूदियों को लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**यरुशलम :** इजराइल सरकार ने अगले पांच वर्षों में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से शेष सभी 5,800 यहूदियों को लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन यहूदियों को आमतौर पर 'बेनी मेनाशे' कहा जाता है। इजराइल की 'जुइश एजेंसी' ने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर भारत से बेनी मेनाशे समुदाय के अलियाह (आव्रजन) को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण, व्यापक पहल को रविवार को मंजूरी दे दी। एजेंसी ने कहा, इस ऐतिहासिक निर्णय से 2030 तक समुदाय के लगभग 5,800 सदस्य इजराइल आएंगे। इनमें से 1,200 सदस्यों को 2026 में लाने के लिए स्वीकृत मिल गई है। यह पहली बार होगा कि 'जुइश एजेंसी' पूर्व-आव्रजन प्रक्रिया का नेतृत्व करेगी। इस योजना के लिए अनुमानतः नौ करोड़ शेकेल (2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के विशेष बजट की आवश्यकता होगी, जिससे इन आप्रवासियों की उड़ानों, धर्म संबंधी शिक्षाओं, आवास, हिब्रू पाठ और अन्य चीजों को कवर किया जा सके। इसे आव्रजन एवं एकीकरण मंत्री ओफिर सोफ़र ने मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। आगामी दिनों में रब्बियों (धार्मिक नेताओं) का एक प्रतिनिधिमंडल भारत के लिए रवाना होने की संभावना है।

### यूक्रेन पर रूस के हमले में कम से कम छह लोगों की मौत

**कीव :** रूस द्वारा मंगलवार को यूक्रेन में इमारतों और ऊर्जा संरचनाओं को निशाना बनाकर किए गए सिलसिलेवार हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। वहीं यूक्रेन द्वारा दक्षिणी रूस में किए गए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घरों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजधानी कीव के कुछ हिस्सों में पानी और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। 'टेलीग्राम' पर पोस्ट एक वीडियो फुटेज में कीव के पूर्वी जिले द्रिप्रोव्स्की में नौ मंजिला एक आवासीय इमारत में भीषण आग दिख रही है। मेयर विटाली क्लित्स्को ने बताया कि द्रिप्रोव्स्की में दो लोग मारे गए व पांच घायल हुए जबकि मध्य पेचेर्स्क जिले में एक अन्य आवासीय इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। कीव नगर प्रशासन के अनुसार, शहर के पश्चिमी जिले में एक इमारत पर हुए हमले में चार लोग मारे गए और तीन अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि ऊर्जा अवसंरचना को नुकसान पहुंचा है हालांकि उसने नुकसान का विवरण नहीं दिया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक, ओडेसा क्षेत्र में ऊर्जा व बंदरगाह अवसंरचना पर रूसी हमले में दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। रूस के दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र में देर रात यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 नवम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष षष्ठी, 23:58 तक, नक्षत्र : श्रावण, 25:21 तक, योग : वृद्धि, 12:35 तक, सूर्योदय: 05:55, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 10:43, चन्द्रास्त: 21:56, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:23 से 12:44

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढेग़ी, जिससे आपको बिजनेस को एक नई राह में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आप धैर्य बनाए रखें।

**मिथुन :** आज आपके कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान थे, तो वह पूरा हो सकता है। किसी शारीरिक समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क :** आज आप अपने खर्चो को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन मनमौजी स्वभाव के कारण आपके खर्चे बढ़ेंगे। किसी बात को लेकर परिवार के किसी सदस्य से खटपट हो सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आज आपका मन काम को लेकर परेशान रहेगा। अच्छे खान पान का आनंद लेंगे, पेट संबंधित समस्या आपको टेंशन देगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी नौकरी में अपने बॉस से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। माता-पिता से आप कुछ परिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको धैर्य और साहस से काम लेने की आवश्यकता है और कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। वाणी के मधुरता बनाए रखेंगे, जिससे आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**मकर :** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी अपने किसी परिजन से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपने किसी गलती को ना दोहराएं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मीन :** आज आप परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। संतान के भविष्य को लेकर उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3274

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | | ■ | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | 15 | | | | ■ |
| 16 | | | 17 | | | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 18 | | ■ | | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | 23 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 24 | | ■ | | ■ | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) नागालैंड की राजधानी, 4) धरना, 6) गिरवी रखनेवाला, 8) आसमानी, 10) अल्पतम, 11) पूरा, 12) पहाड़, 14) हिफ़ाज़त, 16) क्रमहीन, 18) स्त्रीलिंगीय जीव, 19) छेना, 21) नष्ट होना, 22) जाँचा, 24) स्थूल, 25) ध्यान, 26) बहानेबाज़ी, 27) नतीजा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बाँह और भुजा का मोड़, 2) वजह से, 3) सतत, 4) अवज्ञाकारी, 5) फौव्वारा, 7) सवाल का जवाब, 9) धिक्कार, 11) सतर्कता, 13) भड़काना, 15) छुहारा, 16) छटपटाना, 17) रवाना, 19) इज़्ज़त, 20) सविस्तार, 22) पीढ़ा, 23) भूमिकन्या, 24) एक पक्षी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | चा | न | क | ■ | प | ■ | रु | त | बा |
| ल | ■ | सी | ■ | मो | ह | क | ■ | ■ | ग़ा |
| बे | आ | ब | रू | ■ | ना | म | नि | शा | न |
| ला | र | ■ | प | त | वा | र | ■ | य | ■ |
| ■ | क्ष | त | ■ | र | ■ | ■ | बे | द | म |
| स | क | ल | ■ | क | टा | क | टी | ■ | टि |
| म | ■ | क | ल | श | ■ | न्है | ■ | छा | या |
| वे | द | ■ | ल्लू | ■ | तै | या | र | ■ | मे |
| त | म | न्ना | ■ | दे | श | ■ | स | पा | ट |

## सुडोकू-पहेली-3233

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | | | 7 | | | 3 | | |
| | | | | 6 | | | | 4 |
| 5 | | | | 8 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | 2 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | 7 | |
| 7 | | 8 | | | | | 6 | |
| | | | | 4 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3232 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 1 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# निर्वाचन आयोग भाजपा आयोग में बदल गया है : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अब निष्पक्ष संस्था नहीं रह गया है, वह भाजपा आयोग में बदल गया है, जो दिल्ली से मिले निर्देशों पर काम कर रहा है और वह एआई का इस्तेमाल हेरफेर के लिए एक उपकरण के रूप में करेगा। एसआईआर प्रक्रिया को अव्यवस्थित बताते हुए ममता ने कहा कि जब मतदाता सूची का मसौदा जारी होगा तब लोगों को चुनाव आयोग और भाजपा की ओर से पैदा की गई आपदा का एहसास होगा। उन्होंने सवाल किया कि अगर एसआईआर का उद्देश्य बांग्लादेशी नागरिकों को वोटर लिस्ट से हटाना है तो चुनाव आयोग मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में यह प्रक्रिया क्यों कर रह है। उन्होंने कहा कि मैं बांग्लादेश को एक देश के रूप में प्यार करती हूं क्योंकि हमारी भाषा एक ही है। मैं बीरभूम में पैदा हुई, वरना मुझे भी बांग्लादेशी कहा जाता। ममता ने कहा कि ट्रेनें, प्लेन, बार्डर सब केंद्रीय एजेंसियों के नियंत्रण में हैं। पासपोर्ट, कस्टम और एक्साइज सब सेंट्रल सरकार देखती है। फिर हमने बंगाल में बांग्लादेशियों की घुसपैठ कैसे कराई?



**❑ एसआईआर दो–तीन वर्षों में किया जाए तो हम समर्थन देंगे**

ममता ने फिर सवाल उठाया कि एसआईआर इतनी जल्दी में क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर दो या तीन वर्षों में किया जाए तो हम इस प्रक्रिया को हरसंभव संसाधन के साथ समर्थन देंगे। ममता ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर फैली घबराहट के कारण बंगाल में 35–36 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। कई लोगों ने खुदकुशी कर ली। उन्होंने आश्चर्य जताया कि 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले दो महीने के भीतर जबरदस्ती यह कवायद क्यों की जा रही है।

**❑ जब तक मैं हूं, आपका नाम मतदाता सूची से नहीं काटने दूंगी**

ममता ने कहा कि जब तक मैं यहां हूं, मैं किसी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटने दूंगी। उन्होंने शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोगों को आगाह करते हुए कहा कि विदेशी घोषित कर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश हो सकती है। ममता ने यह भी आर–ोप लगाया कि भाजपा सीएए के तहत मतुआ को नागरिकता दिलाने के नाम पर रुपये लेकर सीएए कार्ड बेच रही है।

**❑ हेलीकॉप्टर न उड़ने को बताया साजिश, कहा... 'मेरे साथ न खेले'**

ममता ने रैली मंच से बताया कि वे सुबह हेलीकॉप्टर से यहां आने वाली थीं, लेकिन अचानक सूचना मिली कि हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भरेगा। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले ही बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा कि देरी के लिए मैं माफी चाहती हूं। मैंने पिछले सात–आठ महीनों से हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं किया है। लेकिन आज सुबह लगभग 10 बजे, घर से निकलने से ठीक पहले, मुझे सूचित किया गया कि हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सकेगा। चुनाव अभी शुरू भी नहीं हुए हैं, लेकिन टकराव शुरू हो गया है। भाजपा पर अपना हमला तेज करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि मेरे साथ खेल मत खेलिए। जब मैं अपना खेल खेलूंगी, तो आपको कुछ पता नहीं चलेगा। आप मुझसे लड़ नहीं पाएंगे और मुझे राजनीतिक रूप से हरा नहीं पाएंगे। मुझे परेशान नहीं किया जा सकता। ममता ने कहा कि सड़क यात्रा ने उन्हें बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के जनसंपर्क का अवसर दिया। ममता ने कहा कि रास्ते में मैं कई लोगों से मिली। यह एक शानदार जनसंपर्क बन गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत तारकेश्वर स्टेशन, नबद्वीपधाम स्टेशन और कटवा स्टेशन पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के वर्ष 2022 के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 एवं वर्ष 2022 के कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-12-25-आर, लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशनः (1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-टीएके-टीओआई-57-25-1 और तारकेश्वर (टीएके)। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-टीओआई-64-25-1 और नबद्वीधाम (एनडीएई)। (3) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-टीओआई-27-25-2 और कटवा (केडब्ल्यूएई)। नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 05.12.2025 को 13.30 बजे। HWH-413/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसआईआर के खिलाफ रैली के बाद लौटते समय बारासात में ममता के काफिले को रोका, हंगामा

## बारासात मेडिकल कॉलेज के मर्ग से मृतक की आंख चोरी के खिलाफ प्रदर्शन

**✒ सीएम के जांच व मृतक के परिवार को नोंकरी व आर्थिक सहायता का आश्वासन के बाद शांत हुआ विरोध**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात मेडिकल कॉलेज के मर्ग में एक मृतक की आंख चोरी होने के सनसनीखेज आरोप के बाद परिजनों ने जशोर रोड पर तीव्र प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का काफिला कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। मृतक के परिजनों से बातचीत कर मुख्यमंत्री ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि दोष सिद्ध होने पर आरोपितों को कठोर सजा दी जाएगी। मृतक की पहचान प्रीतम घोष के रूप में हुई है। उम्र चौतीस वर्ष। वह बारासात के काजीपाड़ा स्थित एक नम्बर रेलगेट क्षेत्र का निवासी था। सोमवार को वह एक दुर्घटना का शिकार हुआ था जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। बारासात अस्पताल में ही उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया। परिजनों का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद जब वे शव लेने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि प्रीतम की एक आंख गायब है। इसी के बाद मर्ग से आंख चोरी होने का आरोप लगाते हुए परिवार और स्थानीय लोग जशोर रोड पर प्रदर्शन करने लगे जिससे यातायात बाधित हो गया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो बनगांव में राजनीतिक सभा समाप्त कर कोलकाता लौट रही थीं, उसी मार्ग से गुजर रही थीं और प्रदर्शन के कारण उनका काफिला रुक गया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजनों को बुलाकर पूरी घटना की जानकारी ली। बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही तत्काल आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और यदि किसी की भूमिका संदेहास्पद पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। घटना के बाद मुख्यमंत्री का काफिला कोलकाता के लिए रवाना हो गया जबकि स्थानीय प्रशासन ने प्रदर्शन शांत कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया।

## कुलतली में विवाहिता का फंदे से लटका शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में मंगलवार की सुबह एक विवाहिता का फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृत महिला की पहचान अर्पिता हालदार के रूप में हुई है। घटना कुलतली अंतर्गत नापितखाली गांव की है। पुलिस और परिवार के अनुसार, अर्पिता कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ ओडिशा चली गई थीं। उनके पिता और ससुराल पक्ष ने मिलकर उनकी खोज शुरू की और अंततः ओडिशा से उन्हें वापस घर लाया गया। लगभग एक सप्ताह पहले ही वह फिर ससुराल लौटी थीं। अर्पिता की शादी चार साल पहले नंद हालदार से हुई थी, जो नापितखाली गांव के निवासी हैं। दंपति के दो छोटे बच्चे हैं। अर्पिता का मायका बकुलतला थाना इलाके में है। हाल के दिनों में विवाहेतर संबंध को लेकर पति-पत्नी के बीच काफी तनाव चल रहा था। मंगलवार की सुबह अर्पिता की छोटी बेटी ने कमरे में अपनी मां को फंदे से झूलता देखा। उसके चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोग पहुंचे और तुरंत उन्हें कुलतली ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने असामान्य मौत का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सियालदह मंडल के तहत **सियालदह और बिधाननगर रोड** स्टेशनों के बीच ब्रिज सं. 1 (किमी 0/18V – 0/31V) की लाइन सं. 5 पर **दिनांक 26.11.2025 (बुधवार) को 23.45 बजे से दिनांक 27.11.2025 (बृहस्पतिवार) को 03.30 बजे तक 3 घंटे 45 मिनट के ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:– ● **निरस्तीकरण [दिनांक 26.11.2025 (बुधवार)]: (1) 31447 अप** सियालदह – नैहाटी लोकल, **(2) 31450 डाउन** नैहाटी – सियालदह लोकल, ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू : (1) 31542 डाउन** शांतिपुर – सियालदह लोकल दिनांक 26.11.2025 (बुधवार) को बैरकपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31511 अप** सियालदह – शांतिपुर लोकल दिनांक 27.11.2025 (बृहस्पतिवार) को बैरकपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी **(2) 33858 डाउन** बनगांव जंक्शन – सियालदह लोकल दिनांक 26.11.2025 (बुधवार) को दमदम कैंट. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **33815 अप** सियालदह – बनगांव जंक्शन लोकल दिनांक 27.11.2025 (बृहस्पतिवार) को दमदम कैंट. से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी ● **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का नियंत्रण: 13106 डाउन बलिया–सियालदह एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.11.2025) को मार्ग में दिनांक 27.11.2025 (बृहस्पतिवार) को 01 घंटा 30 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा ● **पुनर्निर्धारण: 53171 अप सियालदह–लालगोला पैसेंजर** 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात दिनांक 27.11.2025 (बृहस्पतिवार) को ब्लॉक रद्द होने के बाद, सियालदह से 03.45 बजे के बदले 04.15 बजे छूटेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अब चुनाव आयोग ने ममता को भेजा पत्र, तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का दिया समय

## ममता के दो और तृणमूल की ओर से एक पत्र मिलने के बाद आयोग ने सीएम आवास पर भेजी जवाबी चिट्ठी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को पत्र भेजा है। यह चिट्ठी मुख्यमंत्री के घर के पते पर भेजी गई है। आयोग ने यह चिट्ठी क्यों लिखी, यह भी बताया है। उसमें लिखा गया है कि तृणमूल ने आयोग से मिलने के लिए समय मांगा था। इसलिए आयोग ने तृणमूल नेता को चिट्ठी लिखकर बता रहा है कि वे उनसे कब मिल सकते हैं। बता दें कि पिछले एक सप्ताह में ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लगातार दो बार चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने आखिरी चिट्ठी सोमवार को भेजी थी। इसके ठीक एक दिन बाद कमीशन ने ममता को चिट्ठी लिखकर तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय देने की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि तृणमूल नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने आयोग को चिट्ठी लिखकर मिलने के लिए समय मांगा था। आयोग की यह चिट्ठी उसी अनुरोध का जवाब है। चिट्ठी में कहा गया है कि आयोग सभी राजनीतिक दलों के साथ रचनात्मक बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। इसीलिए तृणमूल के अनुरोध पर आयोग उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलेगा। पांच सदस्यी प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में आयोग मुख्यालय में मिल सकते हैं। आयोग शुक्रवार यानी 28 नवंबर को सुबह 11 बजे तृणमूल कांग्रेस से मिलने के लिए तैयार है। हालांकि, आयोग ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के घर के पते पर पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि आयोग तृणमूल के पांच प्रतिनिधियों से मिलेगा। इतना ही नहीं, तृणमूल कांग्रेस से यह भी कहा गया है कि वह उन लोगों के नाम बताए जो प्रतिनिधिमंडल में होंगे। यह चिट्ठी ममता के कालीघाट वाले घर पर भेजी गई है।

### पांच नहीं 10 सांसद जाएंगे, तृणमूल ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बताया

पांच नहीं, बल्कि तृणमूल के 10 सांसद अगले शुक्रवार को दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर जाएंगे। जैसा कि तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एक वर्चुअल मीटिंग में कहा था। तृणमूल के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर 10 लोगों के नाम बताया है। ज्ञानेश को लिखे अपने लेटर में डेरेक ने कहा कि सांसद शताब्दी राय, कल्याण बनर्जी, डोला सेन, प्रतिमा मंडल, सजदा अहमद, ममताबाला ठाकुर, महुआ मोइत्रा, साकेत गोखले, प्रकाश चिक बड़ाइक और वे खुद शुक्रवार को आयोग जाएंगे।

### अभिषेक बनर्जी की मांग, बैठक का प्रसारण लाइव हो

इधर, तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग को एक चुनौती दे दी। अभिषेक का कहना है कि इस बैठक को सार्वजनिक रूप से आयोजित किया जाए और उसे लाइव प्रसारित किया जाए। इससे लोग खुद देख सकेंगे कि आयोग पांच सरल और वैध सवालों का क्या उत्तर देता है। इसके आगे उन्होंने लिखा कि कि क्या चुनाव आयोग अपनी पारदर्शिता साबित करने को तैयार है या फिर वह केवल बंद कमरों में ही काम करना पसंद करता है। अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि 10 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के लिए समय मांगा गया है, जो जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं। इसके विपरीत मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्त सरकार द्वारा चुने जाते हैं।

**Name Change**

I, Farzana Khatoon D/o Mohammed Jan, residing at 17 P K Biswas Road, Khardah Sitala Mandir Gal, Titagarh (m), Khardah, North-24 Paraganas, West Bengal - 700117, have embraced HINDUISM and renounced ISLAM with effect from 17.07.2025 and also have changed my name from Farzana Khatoon to Simmi Jaiswal.

**अंडाल और दुर्गापुर स्टेशनों के बीच कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी।**

निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का इंजन दुर्गापुर स्टेशन के बजाय अंडाल स्टेशन पर बदलना दिनांक 31/12/2025 तक जारी रहेगा। इसलिए, ये ट्रेनें अपने वर्तमान मार्ग आसनसोल - अंडाल - दुर्गापुर - अंडाल - सांइथिया के बदले **आसनसोल - अंडाल - सांइथिया** होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी और **अंडाल एवं दुर्गापुर स्टेशनों** के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। (1) **12551 एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 29/11, 06/12, 13/12, 20/12 और 27/12/2025]। (2) **12552 कामाख्या-एसएमवीटी बेंगलुरु एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2025]। (3) **13417 दीघा-मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 27/11, 04/12, 11/12, 18/12 और 25/12/2025]। (4) **13418 मालदा टाउन-दीघा एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 27/11, 04/12, 11/12, 18/12 और 25/12/2025]। (5) **13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 29/11, 06/12, 13/12, 20/12 और 27/12/2025]। (6) **13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/12, 08/12, 15/12, 22/12 और 29/12/2025]। (7) **15629 ताम्बरम-सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/12, 08/12, 15/12, 22/12 और 29/12/2025]। (8) **15630 सिलघाट टाउन-ताम्बरम नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 28/11, 05/12, 12/12, 19/12 और 26/12/2025]। (9) **15640 कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 30/11, 07/12, 14/12, 21/12 और 28/12/2025]। (10) **15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2025]। (11) **15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 02/12, 09/12, 16/12, 23/12 और 30/12/2025]। (12) **15929 ताम्बरम-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 27/11, 04/12, 11/12, 18/12 और 25/12/2025]। (13) **15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 01/12, 08/12, 15/12, 22/12 और 29/12/2025]। (14) **22611 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2025]। (15) **22612 न्यू जलपाईगुड़ी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू की तारीख 28/11, 05/12, 12/12, 19/12 और 26/12/2025]।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

# हेलीकॉप्टर कंपनी की लाइसेंस में समस्या के कारण सड़क से ममता को जाना पड़ा बनगांव

## ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस किया गया जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेलीकॉप्टर कंपनी की लाइसेंस में समस्या की वजह से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एसआईआर विरोधी रैली में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर के बजाय सड़क से उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव जाना पड़ा। उन्हें मंगलवार की दोपहर बनगांव के त्रिकोण पार्क में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विरोधी सभा और मार्च में भाग लेना था। हेलीकॉप्टर नहीं मिलने से ममता इतनी नाराज हुई कि रैली पहुंचने के साथ ही भाजपा पर हमला शुरू कर दिया। प्रशासनिक सूत्रों ने पहले बताया था कि मुख्यमंत्री को हेलीकॉप्टर से बनगांव जाना है, लेकिन लाइसेंस में कोई दिक्कत आ गई। इसलिए बदले हुए हालात में वह सड़क के रास्ते बनगांव जा रही हैं। उसी प्रशासनिक सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री ने पिछले छह महीने से हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं किया है।

हेलीकॉप्टर का उड़ान लाइसेंस एक्सपायर हो गया है। नियमों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले सोमवार को हेलीकॉप्टर का अभ्यास उड़ान भी हुआ था, लेकिन तब भी सूत्र का दावा है कि लाइसेंस के बारे में कुछ नहीं बताया गया। इस मामले की जानकारी मंगलवार को एविएशन संस्था ने दी। राज्य सचिवालय नवान्न सूत्रों के मुताबिक ऐसा क्यों हुआ, इसका पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। फिलहाल, इस मामले में राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि यह ला–परवाही कैसे हुई और समय पर इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई।

# बंगाल में अब तक 14 लाख वोटरों के नाम कटने का अनुमान

**❑ आयोग के मुताबिक आने वाले दिनों में संख्या और बढ़ेगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अब तक कम से कम 14 लाख वोटरों के नाम कटने का अनुमान जताया गया है। यह चुनाव आयोग के हिसाब से है। अब तक मिली जानकारी के आधार पर पता चला है कि बंगाल में कम से कम 14 लाख वोटरों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं। यह जानकारी बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) को घर–घर जाकर फार्म बांटने और भरे हुए फार्म इकट्ठा करने के दौरान मिली है। सोमवार को यह आंकड़ा 10 लाख था। मंगलवार को इसमें और करीब चार लाख लोगों का नाम जुट गया। इस प्रकार यह आंकड़ा बढ़कर 14 लाख हो गया है। इसमें करीब 6.70 लाख वोटर मृत पाए गए हैं। इसके अलावा, कई फर्जी, ट्रांसफर हुए और गायब वोटर हैं। कई लोगों के नाम एक से अधिक बूथों पर हैं। फिर, कुछ के घर तीन–चार बार जाने के बाद भी बीएलओ को उनका पता नहीं चल पाया क्योंकि उनके पते में बदलाव था। आयोग के मुताबिक, आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। हालांकि, यह फिलहाल यह शुरुआती अनुमान है। हालांकि, असल में कितने नाम कटेंगे, इसका अंदाज़ा सभी फार्म के डिजिटाइजेशन के बाद ही लगाया जा सकेगा। ड्राफ्ट सूची नौ दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। आयोग के मुताबिक, जिन जिलों में सबसे ज्यादा वोटरों के नाम कटने का अनुमान है उनमें उत्तर 24 परगना और दक्षिण कोलकाता सबसे आगे है। उसके बाद, दक्षिण 24 परगना का स्थान है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-डीसीटीसी-एसडीएलई-25-26, दिनांक: 24.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-डीसीटीसी-एसडीएलई-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए स्वादिनपुर स्टेशन में ड्यूएल डिटेक्शन बनाने के लिए डीसी ट्रैक सर्किट द्वारा द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,45,17,349.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु.2,22,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि व समय:** 23.11.2025 को 19.44 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 02.12.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 16.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-411/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 24.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–144–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 5,38,54,010.96, **बयाना राशि :** रु.4,19,300/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–145–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बेलडांगा में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 8,17,30,408.36, **बयाना राशि :** रु.5,58,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-270/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बीएलओ समूह ने सीईओ कार्यालय में रातभर धरना दिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** बूथ स्तर के अधिकारियों (बीए–लओ) के एक वर्ग ने पूरी रात राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अंदर बिताई और तब तक वहां से जाने से इनकार कर दिया, जब तक कि सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल उनसे मुलाकात नहीं करते और उनकी मांगों को स्वीकार नहीं कर लेते। वे राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 'अत्यधिक कार्य भार' को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनमें से कई लोग सोमवार की शाम से ही वहां प्रदर्शन कर रहे हैं तथा उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शहर के मध्य भाग में बीबीडी बाग तक मार्च के बाद शुरू हुआ गतिरोध जारी है। नवगठित बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा रात भर धरना सोमवार की दोपहर को शुरू हुआ और मंगलवार सुबह तक चला। प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से उनसे मुलाकात नहीं करते, तब तक वे नहीं हटेंगे।

# दिसंबर में होने वाले उद्योग सम्मेलन से पहले राज्य को मिला 5,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 18 दिसंबर उद्योग सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है है। लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योग विभाग के मुताबिक, उससे पहले राज्य के चार जिलों के लिए कई निवेश प्रस्ताव आए हैं। राज्य सचिवालय नवान्न के मुताबिक, ये प्रस्ताव न सिर्फ शुरुआती हैं, बल्कि अधिकांश मामलों में निवेश को मंजूरी भी मिली चुकी है। दावा किया गया है कि इसलिए उद्योग सम्मेलन से पहले यह घोषणा राज्य की उद्योग नीति और प्रशासनिक कोशिशों की सफलता को दिखाती है। जंगलमहल इलाके में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, विशेषकर पुरुलिया और बांकुड़ा जैसे जिलों में, क्योंकि पिछले कुछ सालों में कई सड़कों के विस्तार, इंडस्ट्रियल पार्क, लाजिस्टिक्स हब और नियम व नीतियों में छूट के बावजूद, इस इलाके में बड़ा उद्योग को लाना एक चुनौती रही है। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, बांकुड़ा में उद्योगपतियों से 4,590 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। पूर्व बर्दवान में 590 करोड़ रुपये और पश्चिम बर्दवान में 350 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसके अलावा, पुरुलिया में 90



करोड़ रुपये का निवेश आने वाला है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से अधिकांश प्रस्तावों को पहले ही प्रशासनिक मंज़ूरी मिल चुकी है। बाकी प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही है। छोटे और मध्यम उद्यम विभाग के एक बड़े अधिकारी के मुताबिक, सभी निवेश परियोजना अगले डेढ़ साल में लागू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर यह निवेश पूरी तरह से लागू होता है, तो कम से कम 18 से 20 हजार लोगों को सीधे तौर पर रोजागार मिलेगा। इसके अलावा, नीति बनाने वालों का दावा है कि ट्रांसपोर्ट, फूड सप्लाई, होटल, एनर्जी, सर्विस और दूसरी सहायक उद्योग में रोजगार के ज्यादा अवसर उत्पन्न होंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/68, दिनांक: 24.11.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 10251118,** ट्रैक्शन मोटर कूलिंग ब्लोअर के लिए मोटर, रु.1,34,360/- **(2) 10251214,** हिटाची ट्रैक्शन मोटर के लिए आर्मेचर शाफ्ट, रु.1,15,760/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 1 और 2 हेतु] **(3) 11251540,** सेकंडरी स्प्रिंग, रु. 1,76,910/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(4) 11251598,** एफआरपी डोर विंडो गाइड अरेंजमेंट आदि का क्रय, रु. 1,06,550/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(5) 10252284,** प्राइमरी स्प्रिंग (एंड एएक्सएलई), रु. 1,22,250/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(6) 15255004सी,** ईओटी क्रेन 20 टन, रु.1,20,800/- **निविदा खुलने की तिथि:** 05.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(7) 10252483,** ट्रांजिशन स्क्रू कपलिंग की संशोधित व्यवस्था, रु. 1,19,910/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(8) 11251595,** ऑग्जिलरी रिजर्वायर 200 लीटर संपूर्ण आदि का क्रय, रु. 1,32,070/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(9) 14251026,** स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएसः एस 63/2014 (रिव.4) एवं आईएस 1554 पार्ट–1 के अनुसार हाई कंडक्टिविटी सर्कुलर कॉपर कंडक्टर मापः 2 कोर X10 वर्ग मिमी के साथ अंडरग्राउंड, आर्मर्ड, अनस्क्रीड, रेलवे पावर केबल (स्ट्रैंडेड 7X1.40 मिमी), रु.9,21,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(10) 16251154,** अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर, रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025,, **समय :** 13.30 बजे, **(11) 22255490ए,** कार्बन फाइबर लैमिनेटेड आउटर एवं इनर फ्लेक्सिबल डबल वॉल सॉकेट, कार्बन फाइबर वाटरप्रूफ हाई एक्टिव (के3) फूट के साथ स्टैंडर्ड एबव नी प्रोस्थेसिस, टीईएस बेल्ट, सिलिकॉन जेल लाइनर, सॉकेट लॉक, एबव नी फोम एवं फिनिशिंग के लिए कॉस्मेटिक स्टॉकिंग के साथ पॉलीसेंट्रिक न्यूमेटिक सिलेंडर नी जॉइंट। आइटम की आपूर्ति करने वाली फर्म के पास प्रॉपर कोलकाता में अपना खुद का गेट ट्रेनिंग सेंटर अनिवार्य रूप से रहना चाहिए, रु.1,93,200/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(12) 20251067,** मॉडिफाइड एवं फ्रंट एवं बैक कवर सेट आदि का क्रय, रु.1,34,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(13) 11251520,** बाइट टाइप फिटिंग्स का सेट, रु.1,80,400/-**निविदा खुलने की तिथि:** 20.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(14) 04255016,** आरडीएसओ एसके नं. सीआर–835 के अनुसार सॉलिड व्हील डी 920, रु. 4,73,130/-. **(15) 11251326,** ब्लाइंड सॉकेट असेंबली., रु. 9,00,340/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 14 और 15 हेतु] **(16) 16251013ए,** शॉर्ट न्यूट्रल सेक्शन असेंबली, रु. 10,04,650/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(17) 10255044,** रोलर बेयरिंग के बिना संपूर्ण एक्सल बॉक्स का सेट, रु. 1,45,850/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(18) 05251019,** पेंट ब्लैक जापान टाइप–ए आदि का क्रय, रु. 1,35,580/-. **(19) 05251276,** सामान्य उद्देश्य के लिए पेंट रेडी मिक्स्ड एल्यूमिनियम का क्रय , रु. 1,43,280/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 18 और 19 हेतु] **(20) 10255043,** बुल गियर 107 टीथ , रु. 1,64,560/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(21) 22255682,** इंज. रैनिबिजुमैब 1.65 एमजी/0.165 एमएल पीएफएस, रु.0/- , **निविदा खुलने की तिथि:** 02.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(22) 22255522,** इंज ह्यूमन कोऑगुलेशन फैक्टर VII ए 2 एमजी (100 केआईयू) (उत्पाद रेलवे बोर्ड की विनिर्माणकारी फर्मों की अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होनी चाहिए।), रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.12.2025, **समय :** 13.30 बजे,**निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 22 हेतु]।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-52/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पिता की मौत के बाद तलाकशुदा बेटी को पारिवारिक पेंशन का अधिकार नहीं : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पिता की मौत के बाद यदि किसी बेटी का तलाक होता है तो उसे पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश पारित किया जिसे मंगलवार को ऑनलाइन अपलोड किया गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता चंद्रेयी आलम ने तर्क दिया कि उनकी मुवक्किल आर्थिक रूप से कमजोर है और आश्रित बेटी होने के नाते उसे अपने दिवंगत पिता की पारिवारिक पेंशन मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला की वैवाहिक स्थिति बिगड़ने के बाद उसका जीवन निर्वाह कठिन हो गया है, इसलिए उसे पेंशन का अधिकार दिया जाना चाहिए। हालांकि, खंडपीठ ने इस दलील से असहमति जताते हुए कहा कि पिता की मौत के समय महिला विवाहित थी और उसके तलाक की प्रक्रिया उनके जीवनकाल में शुरू नहीं हुई थी। इसलिए कानूनी प्रावधानों के अनुसार वह पारिवारिक पेंशन की



हकदार नहीं ठहराई जा सकती। अदालत ने इस संदर्भ में केन्द्रीय सरकार के साल 2013 के उस आदेश का उल्लेख किया जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि बेटी का तलाक माता पिता दोनों की मृत्यु के बाद होता है तो वह पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं होगी। साथ ही अदालत ने साल 2017 के केएटी के उस फैसले का भी हवाला दिया जिसमें यह कहा गया था कि यदि तलाक की प्रक्रिया माता या पिता में से किसी एक के जीवनकाल में प्रारंभ हुई हो और बेटी की आय पेंशन राशि से कम हो तो उसे लाभ दिया जा सकता है। अदालत ने माना कि वर्तमान मामले में न तो तलाक की प्रक्रिया पिता के जीवित रहते शुरू हुई और न ही पूर्व के प्रासंगिक आदेशों के अनुरूप पेंशन के अधिकार का कोई कानूनी आधार बनता है। इसलिए याचिका खारिज कर दी गई। प्रकरण के समापन के साथ अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि पारिवारिक पेंशन के दावों में वैवाहिक स्थिति और उसके समयकाल का निर्धारण अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बिना लाभ दिए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## छोटे चाय उत्पादकों की अपने लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग, पीएम को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** कनफेडेरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनकी वृद्धि को समर्थन देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की है। सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने पत्र में कहा कि छोटे चाय उत्पादक (एसटीजी) देश में हर साल होने वाले कुल चाय उत्पादन में 50 प्रतिशत से ज़्यादा का योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, एसटीजी को हरी चाय की पत्तियों की अस्थिर कीमतों, कर्ज तक सीमित पहुंच और सही वैज्ञानिक समर्थन के मामले में बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चक्रवर्ती ने कहा कि इस वजह से कई एसटीजी मालिक कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। निकाय ने कहा कि उत्पादन लागत तो बढ़ रही है, लेकिन कीमतों के मामले में उनकी कमाई कम हो रही है। कनफेडरेशन के मुताबिक, एसटीजी काफी रोजगार पैदा करते हैं। पत्र में, कहा गया है कि एसटीजी द्वारा उगाई गई हरी चाय की पत्तियों के लिए न्यूनतम स्थिर मूल्य तय किया जाना चाहिए। साथ ही उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी अलग-अलग योजनाओं के तहत भी लाया जाना चाहिए और उन्हें संस्थागत समर्थन दिया जाना चाहिए। सीआईएसटीए ने कहा कि एसटीजी के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाई जानी चाहिए।

## चलती मेट्रो के आगे कूदने से बाधित सेवा, 45 मिनट बाद फिर शुरू हुआ परिचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम स्टेशन पर मंगलवार की दोपहर चलती मेट्रो के सामने एक व्यक्ति के कूद जाने से मेट्रो सेवाओं में बाधा उत्पन्न हुई। लगभग 45 मिनट तक ट्रेन सेवाएं ठप रहने के बाद दोबारा पूरी लाइन पर परिचालन बहाल किया गया। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, कूदने वाले व्यक्ति का शव ट्रैक से बरामद कर लिया गया है। घटना मंगलवार करीब 11.30 बजे की है, जब दक्षिणेश्वर से आ रही एक मेट्रो ट्रेन दमदम स्टेशन में प्रवेश कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भीड़ में खड़ा एक मध्यम आयु का व्यक्ति अचानक ट्रेन के सामने कूद गया। चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। घटना के तुरंत बाद आरपीएफ व मेट्रो कर्मी मौके पर पहुंचे और शव को ट्रैक से हटाया। बचाव कार्य के चलते अप व डाउन दोनों दिशाओं में सेवाएं प्रभावित रहीं और यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## वैश्विक डिग्रियों की बढ़ती मांग के बीच क्यूएस का कोलकाता में मास्टर्स फेयर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की ओर बढ़ते रुझान के बीच क्यूएस, जो वैश्विक उच्च शिक्षा और छात्र गतिशीलता का अग्रणी संस्थान है, 29 नवंबर को कोलकाता में मास्टर्स एजुकेशन फेयर का आयोजन करने जा रहा है। पार्क होटल में होने वाले इस मेले में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और पूर्वी एशिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की प्रवेश टीमें सीधे छात्रों से संवाद करेंगी। क्यूएस की ग्लोबल स्टूडेंट फ्लो रिपोर्ट के अनुसार कोलकाता से विदेशी अध्ययन की मांग तेजी से बढ़ी है, जिससे शहर वैश्विक शिक्षा का एक उभरता केंद्र बन रहा है। मेले में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, ईएडीए बिजनेस स्कूल, बीआई नॉर्वेजियन बिजनेस स्कूल, ताइपे मेडिकल यूनिवर्सिटी और प्रमुख अमेरिकी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटर फन्नेकोट्टर ने बताया कि भारतीय छात्र वैश्विक मान्यता प्राप्त डिग्रियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, हालांकि बढ़ती लागत उनके लिए चिंता का विषय है। फेयर में क्यूएस अप्लाई की ओर से प्रोफाइल मूल्यांकन, आवेदन सहायता, सीवी समीक्षा और लिंक्डइन अनुकूलन सेवाएँ भी दी जाएंगी। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगा।

## मेट्रो में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु विशेष कैंप



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यात्रियों को विभिन्न आधुनिक भुगतान विधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लू, ग्रीन, पर्पल, ऑरेंज और येलो सभी लाइनों के स्टेशनों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में मेट्रो कर्मियों ने यात्रियों को उन्नत 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप के बारे में जागरूक किया और उन्हें गूगल प्ले स्टोर तथा ऐप स्टोर से ऐप डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई। इसके साथ ही, ऐप के उपयोग की विधि भी विस्तार से बताई गई। मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को एएससीआरएम मशीनों के माध्यम से यूपीआई-आधारित टिकटिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए टोकन खरीदने तथा स्मार्ट कार्ड को रिचार्ज करने में भी सहायता प्रदान की। यात्रियों ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में विशेष रुचि दिखाई और मोबाइल आधारित क्यूआर कोड टिकट, स्मार्ट कार्ड खरीदने तथा उन्हें ऑनलाइन रिचार्ज करने के स्मार्ट विकल्पों को अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, ऐसे कैंप आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक यात्री डिजिटल टिकटिंग व्यवस्था से जुड़ सकें।

## बीमा कर्मचारियों की बड़ी पहल : जीआईईएआईए ने वित्त मंत्री से मिलकर निजीकरण का कड़ा विरोध जताया

**नई दिल्ली/कोलकाता :** जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉयीज ऑल इंडिया एसोसिएशन (जीआईईएआईए) की अध्यक्ष और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव कामरेड अमरजीत कौर ने प्री-बजट विचार-विमर्श के तहत केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। बैठक में उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी क्षेत्रों के निजीकरण पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की तथा बैंकिंग, बीमा और सरकारी खजाने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कौर ने सरकार से एलआईसी और चार सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के निजीकरण को तत्काल रोकने तथा एलआईसी आईपीओ जैसे कदमों पर पुनर्विचार करने का



आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई की अनुमति देश के आम नागरिकों के हितों के खिलाफ है। बीमा उद्योग की लंबित मांगों पर बात करते हुए कौर ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के वेतन संशोधन का गजट नोटिफिकेशन तुरंत जारी करने, 14% एनपीएस योगदान लागू करने और 30% पारिवारिक पेंशन सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े कोर और नॉन-कोर लाभों को भी शीघ्र लागू करने का आग्रह किया। यह पिछले पंद्रह दिनों में वित्त मंत्री के साथ उनकी दूसरी बैठक थी। इसी अवधि में जीआईईएआईए नेतृत्व ने वित्तीय सेवाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तीन बार मुलाकात की है।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लॉइज एसोसिएशन का शांतिपूर्ण प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटीज एम्प्लॉइज एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को अस्पताल परिसर के बाहर रविंद्र सरणी मार्ग पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मैनेजमेंट द्वारा 10 कर्मचारियों के निलंबन और कई अन्य कर्मचारियों के साथ किए जा रहे कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ आयोजित किया गया। संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि प्रबंधन की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर व्यवहार कर रहा है और कर्मचारियों पर अत्याचार कर अपनी मर्यादाओं को बार-बार लांघ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन कड़े से कड़े आंदोलन करने को तैयार है। प्रदर्शन में महिला कर्मचारी शंकरी साहा सहित संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह, सरोज मिश्रा, अशोक गुप्ता, शंकर चौधरी, सुशांत कारनार और अमर चौधरी उपस्थित थे।

## आचार्य भिक्षु के सैद्धान्तिक विचार क्रान्तिकारी व विलक्षण हैं : मुनि जिनेश कुमार

**❑ तेरापंथ-मेरापंथ कार्यशाला का सफल आयोजन**

कोलकाता, समाज्ञा : आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि श्री जिनेशकुमार जी ठाणा-3 के सानिध्य में तेरापंथ-मेरापंथ कार्यशाला का सफल आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, साल्टलेक द्वारा न्यूटाऊन स्थित रोजडेल गार्डेन के कम्युनिटी हॉल में किया गया, जिसके मुख्य प्रशिक्षक उपासक सुशील बाफणा थे। तेरापंथ-मेरापंथ कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुनि जिनेश कुमारजी ने कहा- जिनशासन का एक धार्मिक संगठन है-तेरापंथ। तेरापंथ तेजस्वी, यशस्वी, मनस्वी शासन है। आचार्य भिक्षु इस संगठन के आद्य प्रवर्तक थे। वे अपने युग के विलक्षण,



विवेक सम्पन्न व युगश्रेष्ठ पुरुष थे। वे जमाने के थपेड़ों से घबराए नहीं। जब उन्हें सत्य का प्रकाश मिला, तब उन्होंने निर्भीक होकर उस जमाने की स्थितियों पर खुलकर सैद्धान्तिक विश्लेषण किया। उन्होंने दान, दया आदि विषयों पर स्पष्ट चिंतन समाज के समक्ष रखा। उन्होंने आचार्य भिक्षु द्वारा कथित लौकिक लोकोत्तर दान विषय पर विचार व्यक्त करते कहा- लौकिक दान के अनेक प्रकार हैं किन्तु लोकोत्तर दान के तीन प्रकार- अभयदान,. ज्ञानदान व संपतिदान हैं। जिस दान से संसार का भ्रमण कम होता है वह ही लोकोत्तर दान है। दान के साथ नाम, यश आदि की भौतिक इच्छा नहीं रखनी चाहिए। इस अवसर पर मुनि परमानंद ने कहा- आचार्य भिक्षु द्वारा की गई आचार, विचार व व्यवस्था क्रान्ति का सम्मिलित रूप है तेरापंथ। मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक सुशील बाफना ने तेरापंथ-मेरापंथ कार्यशाला के उद्देश्य पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, साल्टलेक की बहनों के गीत से हुआ। स्वागत आषण तेरापंथी सभा, साल्टलेक के अध्यक्ष जयसिंह डागा ने दिया। रोजडेल गार्डन सोसायटी के अध्यक्ष रंजन वसु व रेल्वे ट्रिब्युनल जज संजीव दत्त शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। साउथ कलकत्ता सभा के अध्यक्ष विनोद चोरड़िया, साउथ हावड़ा सभा अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफना ने अपने क्षेत्र में पधारने हेतु मुनिश्री को निवेदन किये। आभार ज्ञापन इंदरचंद नाहटा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया।

## यार्ड रीमॉडलिंग कार्य से हावड़ा मंडल में ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के खाना-गुमानी सेक्शन के पाकुड़ स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के लिए 27 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे, जिसके चलते कई ट्रेनों के संचालन पर प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान वर्दवान-टिनपहाड़ तथा टिनपहाड़-वर्दवान मेमू सेवाएं 28, 29 और 30 नवंबर को रद्द रहेंगी। वहीं, कई मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों को मार्ग परिवर्तन के साथ संचालित किया जाएगा। हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस, कोलकाता-हल्दीबाड़ी सुपरफास्ट एवं सियालदह-सब्रूम कंचनजंघा एक्सप्रेस को बांदेल, कटवा, आजमगढ़ व न्यू फरक्का के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसी, तरह



डाउन दिशा में हल्दीबाड़ी-कोलकाता सुपरफास्ट, मालदह टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस, जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस, सब्रूम-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस तथा कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) कर्मभूमि एक्सप्रेस को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा। इस अवधि में कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन भी किया जाएगा, जिनमें 53408 जमालपुर-रामपुरहाट पैसेंजर को 29 नवंबर को साहिबगंज में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा 53403 रामपुरहाट-गया पैसेंजर 30 नवंबर को साहिबगंज से ही शुरू होगी। रेलवे ने यह भी जानकारी दी है कि 12507 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-सिलचर अरोनाई एक्सप्रेस, 15227 एसएमवीटी बेंगलुरु-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस तथा 12509 एसएमवीटी बेंगलुरु-गुवाहाटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को विभिन्न स्थानों पर नियंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 13425 मालदह टाउन-सूरत वीकली एक्सप्रेस 29 नवंबर को निर्धारित समय 12:55 बजे के स्थान पर 15:55 बजे प्रस्थान करेगी।

## दुर्गापुर जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हुआ पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अवसंरचना विकास को गति देते हुए दुर्गापुर जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग और आधुनिक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य का सफलतापूर्वक कमीशन पूरा किया है, जिससे संचालन क्षमता, सुरक्षा और नेटवर्क दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आसनसोल मंडल द्वारा 23 नवंबर को 6 घंटे के नियोजित ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम को कमीशन किया गया। 10:40 बजे आरंभ हुए ब्लॉक के दौरान सिग्नलिंग संचालन आवश्यक परिवर्तनों के साथ जारी रहा और 16:55 बजे अंतिम कमीशन पूरा कर लिया गया। नवीन ईआई प्रणाली अब 266 रूटों को नियंत्रित करती है, जिसमें 23 मुख्य सिग्नल, 39 इंटरमीडिएट शंट, 13 डिपार्चर शंट और 18 कॉलिंग-ऑन सिग्नल शामिल हैं। यार्ड में 59 पॉइंट्स समाहित किए गए हैं, जिनमें 41 नए पॉइंट्स स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही 3 डेटा लॉगर, 3



ईएलडी यूनिट, 20 रिले रैक और 1300 मीटर सीटीआरएस कार्य जैसे आधुनिक उपकरण लगाकर प्रणाली को और अधिक विश्वसनीय बनाया गया है। लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 112 के संशोधन और 8 बीपीएसी इकाइयों के पुनर्स्थापन ने नए लेआउट को सुदृढ़ किया है। दो टीएसआर और एक पीएसआर हटाने से गति प्रतिबंधों में कमी आई है। यार्ड रीमॉडलिंग के बाद डाउन स्लो लाइन से मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को सीधे अप कॉमन लूप में लेने की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे लोको रिवर्सल सुगम हुआ है। माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने के लिए डाउन लूप 1, 2 और 3 की लंबाई बढ़ाकर 731 मीटर कर दी गई है, जबकि कॉमन लूप व्यवस्था से मालगाड़ियों की सीधे प्राप्ति संभव हुई है। इसके साथ ही नई इंजीनियरिंग साइडिंग से रखरखाव गतिविधियां और अधिक प्रभावी हो गई हैं।

## सियालदह आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत 28.791 किलो मादक पदार्थ किया बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। इसी अभियान के तहत 24 नवंबर को आरपीएफ क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी)/सियालदह, जिसे अब डायरेक्टिव विंग के रूप में जाना जाता है, तथा सियालदह मेन पोस्ट की टीम ने ट्रेन संख्या 13174 डाउन कंचनजंघा एक्सप्रेस से दो पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान टीम ने उनके पास से 28.791 किलो मादक पदार्थ (संभावित गांजा) बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14,39,550 रुपये बताई गई। पकड़े गए आरोपियों और जब्त मादक पदार्थ को तत्काल जीआरपी सियालदह के हवाले कर दिया गया, जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह रेलवे परिसरों के दुरुपयोग को रोकते हुए सुरक्षित और अपराधमुक्त परिवहन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने मेडिकल कॉलेज में शीतल जल के दो प्याऊ किए शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में दो जल प्याऊ का उद्घाटन 25 नवंबर को राज्य की मंत्री शशि पांजा के कर-कमलों से संपन्न हुआ, जिनका स्वागत समिति की सदस्या पायल नाग ने किया। यह कार्यक्रम जोडासांको के विधायक एवं समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता की देखरेख में तथा प्रधान सचिव बिमल दीवान, सहायक सचिव सुभाष सवालदवाला, समिति सदस्य पवन बंसल और मेडिकल सुपरिटेंडेंट जयंतो घोष की उपस्थिति में आयोजित हुआ। पहला प्याऊ मेडिकल कॉलेज के 5 नंबर गेट के निकट समाजसेवी और उद्योगपति के.के. सेक्सरिया एवं सिद्धार्थ सेक्सरिया (स्वागत फर्नीचर, उमा प्लास्टिक लिमिटेड) द्वारा अपनी पूर्वज स्व. हेमलता सेक्सरिया की स्मृति में आर्थिक सहयोग से निर्मित किया गया, जबकि दूसरा प्याऊ



मेडिकल कॉलेज के 1 नंबर गेट के पास समाजसेवी एवं उद्योगपति मीनाक्षी जालान (पहाड़ीगोमिया टी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड) के सहयोग से बनाया गया। इन दोनों प्याऊ से रोगियों और उनके परिजनों को स्वच्छ एवं शीतल जल की सुविधा प्राप्त होगी। समिति के मार्गदर्शक राजकुमार बोथरा के प्रयासों से लगातार प्याऊ निर्माण का कार्य जारी है और अध्यक्ष विवेक गुप्ता के सहयोगी दानदाताओं की मदद से कोलकाता महानगर एवं आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों में मशीन संचालित शीतल जल प्याऊ स्थापित करने की योजना भी बनाई जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्ताओं जय प्रकाश गुप्ता, मनोज चौधरी, अरुण झुनझुनवाला, महेश काबरा, अनु मिश्रा, बंटी खंडेलवाल, दिनेश खेमका, दुलार खेमका, ओरीदम सिंह सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## बंधन बैंक ने देशभर में प्रदान की 10 अत्याधुनिक एम्बुलेंस, पश्चिम बंगाल को मिली 3

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत देशभर में 10 अत्याधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की हैं। जिनमें से तीन पश्चिम बंगाल को प्रदान की गई हैं। बैंक के 10वें स्थापना दिवस पर घोषित इस पहल का उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाना और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना है। इन एम्बुलेंसों में सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद हैं, जो आपात स्थितियों में मरीजों की त्वरित सहायता सुनिश्चित करेंगे। पश्चिम बंगाल में ये एम्बुलेंस इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, कोलकाता और आशादीप ट्रस्ट, मुर्शिदाबाद को दी गई हैं। वहीं, शेष एम्बुलेंस बेंगलुरु, अहमदनगर, अहमदाबाद, वडोदरा, दिल्ली, जयपुर, अकबरपुर और जालंधर समेत अन्य शहरों के प्रतिष्ठित अस्पतालों को प्रदान की गई हैं। बैंक के एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सभी नागरिकों का अधिकार है और बैंक का यह प्रयास आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि बंधन बैंक का लक्ष्य सिर्फ बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि मजबूत और स्वस्थ समाज का निर्माण है। बंधन बैंक की सीएसआर पहलों ने अब तक 14 राज्यों के 82 जिलों में 25 लाख से अधिक परिवारों तक लाभ पहुंचाया है, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

## वयोवृद्ध समाजसेवी रायचन्द फूलफगर का 100 वर्ष पूर्ति पर नागरिक अभिनन्दन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओसवाल नवयुवक समिति ट्रस्ट, महावीर इन्स्टीट्यूट ऑफ एडुकेशन एण्ड रिसर्च, बालिका विद्या भवन, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय सोसाइटी जैसी सामाजिक, व शैक्षणिक संस्थाओं के स्तम्भ रहे रायचन्द फूलफगर की सार्थक जीवन यात्रा के शताब्दी वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में अभिनन्दन किया गया। समारोह में 98 वर्षीय शिक्षानुरागी, समाजसेवी सरदारमल कांकरिया विशिष्ट अतिथि थे। ओसवाल नवयुवक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र भूतोड़िया ने स्वागत परिचय में श्री फूलफगर के व्यक्तित्व को सार्थक, दूरदर्शी व प्रभावशाली बताया। विशिष्ट अतिथि सरदारमल कांकरिया, जो स्वयं 98 वर्ष की अवस्था में जैन अस्पताल और विद्यालयों के संचालक के रूप में निरन्तर सक्रिय रहते हैं, उन्होंने कहा



कि 100 वर्ष का जीवन जीना आसान नहीं है। अनुशासित और संयमी जीवन के लिए कठोर दिनचर्या जरूरी होती है। उन्होंने श्री रायचन्द फूलफगर को बधाई देते हुए कहा कि इस समय दुनिया का सबसे उम्रदराज व्यक्ति 123 वर्ष का है, मैं प्रार्थना करता हूं कि श्री फूलफगर इस रिकार्ड को तोड़ें तथा कम से कम 125 वर्ष का जीवन अवश्य जीएं। लाडनूं नागरिक परिषद की ओर से अशोक कोठारी ने श्री फूलफगर का अभिनंदन किया। समारोह में सर्वश्री भीखमचन्द पुगलिया, जतन पारख, महावीर इन्स्टीट्यूट के प्रिंसिपल गोम्स, वरिष्ठ पत्रकार आलोक खटेड़, डा. तारा दुगड़, प्रकाश पारख, बंशीधर शर्मा, सीए महेन्द्र पाटनी, अरूण मल्लावत आदि ने अपने विचार रखते हुए श्री फूलफगर के जीवन को सफल, सार्थक एवं प्रेरक बताया और कहा कि कई सामाजिक, शैक्षणिक प्रकल्पों में उनकी सहभागिता नींव के पत्थर की तरह रही। श्री फूलफगर की सामाजिक जीवन यात्रा में सहयोगी रहे 96 वर्षीय श्रीपत सिंह चण्डालिया ने बताया कि लम्बे सामाजिक जीवन में श्री फूलफगर के साथ किसी का कभी कोई मतभेद नहीं रहा, वे सदैव कर्मठता के साथ कार्य करते रहे। इस अवसर पर उपरोक्त संस्थाओं के अलावा लाडनूं नागरिक परिषद, राजस्थान परिषद, युवक परिषद लाडनूं, कुमारसभा पुस्तकालय सहित अनेक संस्थाओं ने उनका अभिनन्दन किया। ओसवाल नवयुवक समिति ट्रस्ट के ट्रस्टी कमल सिंघी ने अभिनन्दन पत्र का वाचन किया। धन्यवाद ज्ञापन श्वेता पारख ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री श्रीचन्द चोरड़िया, नरेन्द्र बैंगानी, मनोज दूगड़, तेजकरण बोथरा, बसन्त सेठिया, विनोद कुण्डलिया, पन्नालाल सुराणा, पुष्पराज सिंघी, किरण सिंघी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

## सियालदह मंडल में रखरखाव कार्य के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में निर्धारित रखरखाव कार्य के चलते 26 नवंबर की रात 23:45 बजे से 27 नवंबर की सुबह 03:30 बजे तक लाइन संख्या 5 पर सियालदह और विधाननगर रोड स्टेशनों के बीच ब्रिज नंबर 1 पर कुल 225 मिनट का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस अवरोध की वजह से कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किए गए हैं। सियालदह-नैहाटी लोकल (31447) और नैहाटी-सियालदह लोकल (31450) को 26 नवंबर को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन की व्यवस्था भी लागू की गई है, जिसके तहत 26 नवंबर को शांतिपुर-सियालदह लोकल (31542) को बैरकपुर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 27 नवंबर को सियालदह-शांतिपुर लोकल (31511) बैरकपुर से ही शुरू होगी। उसी प्रकार, बनगांव-सियालदह लोकल (33858) को 26 नवंबर को दमदम कैंटोनमेंट में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और 27 नवंबर को सियालदह-बनगांव लोकल (33815) दमदम कैंटोनमेंट से ही प्रस्थान करेगी। इसके अतिरिक्त 27 नवंबर को सियालदह-लालगोला पैसेंजर (53171) का समय भी बदला गया है, जो अब निर्धारित 03:45 बजे के स्थान पर 04:15 बजे सियालदह से प्रस्थान करेगी। साथ ही, बलिया-सियालदह एक्सप्रेस (13106), जिसकी यात्रा 26 नवंबर को आरंभ होगी, को 27 नवंबर को मार्ग में 90 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा।

# शुभेंदु अधिकारी ने तीन पुलिस अधिकारियों के भाषण के वीडियो समेत मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा पत्र

## चिट्ठी में आयोग से चुनाव कार्य में पुलिस संगठन के सदस्यों का इस्तेमाल न करने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल पुलिस कल्याण समिति के खिलाफ देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक पत्र लिखा है। उन्होंने तीन खास पुलिस अधिकारियों के नाम लिए हैं और उनके भाषणों के वीडियो भी पत्र के साथ भेजे हैं। पत्र में, नेता प्रतिपक्ष ने मांग की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पुलिस कल्याण समिति से जुड़े किसी भी व्यक्ति का इस्तेमाल चुनाव से जुड़े किसी भी काम के लिए न किया जाए। हाल ही में, पुलिस संगठन ने पूर्व मेदिनीपुर के दीघा में महिला पुलिस अधिकारियों की एक राज्य स्तरीय कांफ्रेंस आयोजित की थी।



उस कांफ्रेंस में कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारी द्वारा दिए गए भाषण का वीडियो दिखाने के लिए शुभेंदु ने एक संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने एक इंस्पेक्टर और एक सब-इंस्पेक्टर के भाषण के कुछ हिस्से भी दिखाए। शुभेंदु ने कहा कि मंगलवार की सुबह यह वीडियो व पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त को ईमेल से भेजे गए हैं। शुभेंदु ने दावा किया कि पुलिस कल्याण समिति कोई 'राजनीति संगठन' नहीं है। इसलिए वे 'राजनीतिक' बात नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह संगठन तैयार कराया है। शुभेंदु ने बताया कि चूंकि, पुलिस वाले सीधे तौर पर राजनीतिक संगठन नहीं बना सकते, इसलिए यह संगठन सरकार की पहल पर बनाया गया है। लेकिन अब उस संगठन के मंच से भाषण देकर पुलिस अधिकारी पुलिस कर्मियों को ममता बनर्जी की सरकार को बनाए रखने के लिए काम करने का निर्देश दे रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम मान सकते हैं कि फरवरी में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। तब से लेकर चुनाव पूरा होने तक, हमने आयोग से यह पक्का करने को कहा है कि बंगाल पुलिस कल्याण समिति से जुड़ा कोई भी व्यक्ति सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव के काम में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि उन्होंने आचार संहिता लागू होने से तीन महीने पहले आयोग को इस मामले के बारे में बताया है ताकि आयोग दूसरे इंतजामों के बारे में सोच सके और उसकी तैयारी कर सके। शुभेंदु ने कहा कि केंद्रीय बल सारा काम नहीं कर सकता। कुछ काम पुलिस को भी करना होता है। चुनाव आयोग को अब इस पर विचार करना चाहिए कि उस काम को करने के लिए दूसरे राज्यों से पुलिस को लाया जाए या कोई और इंतजाम किया जाए।

# डोमजूड़ तीन माह की बच्ची की हत्या के आरोप में दादी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजूड़ के बागपाड़ा इलाके में आज एक महिला पर अपने तीन महीने की नतिनी की हत्या का आरोप लगाया गया है। स्थानीय दस्तावेजों के अनुसार, तीन महीने के बच्चे को उसकी दादी ने पास के तालाब में फेंक दिया था। कुछ देर बाद तक बच्ची का कहीं पता न चलने पर परिवार हो उठा। आखिरी बार बच्ची को उसकी दादी ने देखा था, जिसके बाद फैमिली और पड़ोसियों ने उसे घेर कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वृद्धा ने स्वीकार किया कि उसकी बच्ची को तालाब में फेंक दिया गया था। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वृद्धा ने



अपना अपराध स्वीकार किया है, लेकिन उसने ऐसा क्यों किया, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वह मानसिक रूप से किस तरह से अस्थिर थी। घटना के बाद डोमजूड़ में भारी तनाव है। लोग आरोपी बुजुर्ग के खिलाफ कड़ा एक्शन की मांग कर रहे हैं। एक पड़ोसी ने कहा कि बच्चा मर गया था। आखिरी बार उसने उसे दादी के साथ देखा था। जब उससे पूछा गया, तो उसने खुद स्वीकार कर लिया कि उसने उसे पानी में फेंक दिया था। वह भी कह रही थी कि उसे पता नहीं चला कि बच्चे की मौत हो जाएगी। वहीं, मृत बच्ची के एक पड़ोसी ने दावा किया कि वह अन्य लोगों को नष्ट कर दिया गया था। टूटे हुए अर्थ में उसने बच्ची को फेंक दिया। हम चाहते हैं कि उसे सबसे कड़ी सजा मिले। पुलिस मानसिक स्थिति, पारिवारिक विवाद और अन्य लक्षणों की जांच कर रही है। बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत के निशानों की पुष्टि होगी।

# राज्य में तनावपूर्ण राजनीतिक हालात पर राज्यपाल ने जताई चिंता, कहा... 'हिंसा भड़काने की अनुमति नहीं'

### ✒ राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद में भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया

**मुर्शिदाबाद :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मद्देनजर सैकड़ों अवैध प्रवासियों के बांग्लादेश वापस जाने की खबरों के बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए मुर्शिदाबाद के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोस ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर अन्त्रोसिया चौकी का दौरा किया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों से बातचीत की।



अधिकारी ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचने से पहले राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद स्थित एस एन गर्ल्स हाई स्कूल के बच्चों और कमर्चारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि बोस ने बीएसएफ अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों और बच्चों से भी मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल बोस ने मुर्शिदाबाद जाने के लिए हजारदुआरी एक्सप्रेस में सवार होने से पहले रानाघाट रेलवे स्टेशन पर लोगों से बातचीत की।

प्रदेश की इस स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए राज्यपाल बोस ने मंगलवार को कहा कि कुछ राजनीतिक तत्व समाज में भ्रम फैलाने और माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

राज्यपाल बोस ने बताया कि जैसे ही उन्हें किसी अप्रिय या योजनाबद्ध घटना की सूचना मिलती है, वे तुरंत स्थल का दौरा करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अस्थिरता फैलाने के लिए कुछ भटके हुए राजनीतिक नेत-ाओं द्वारा अपनाई जा रही रणनीतियां न तो स्वीकार्य हैं और न ही समाज के हित में। उन्होंने हाल ही में मुर्शिदाबाद के एक विधायक के उत्तेजक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे बयान समाज को बांटने का काम करते हैं और स्थिति को और अधिक तनावपूर्ण बनाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उनके दौरे का उद्देश्य ज़मीनी हालात का मूल्यांकन करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाना है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या, कृष्णानगर जिला कोर्ट ने पत्नी और प्रेमी को सुनाया उम्रकैद

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या के आरोप में कृष्णानगर जिला कोर्ट ने पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई। सभी सबूतों और कागज़ात की जांच के बाद निचली अदालत ने सोमवार को दोनों को दोषी पाया था। मंगलवार को जिला कोर्ट ने पत्नी और उसके प्रेमी को उम्रकैद की सजा का ऐलान किया। यह घटना 25 अक्टूबर, 2023 की है। बिपुल व्यापारी नाम के एक युवक को खून से लथपथ हालत में उसके घर से बरामद किया गया था। युवक का घर कृष्णानगर कोतवाली थाना अंतर्गत बागआचड़ा गोयालपाड़ा इलाके में है। युवक को पहले गंभीर हालत में कृष्णानगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया



गया। लेकिन, उसकी हालत गंभीर होने पर उसे रात में ही कोलकाता के नीलरतन सरकार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गत 5 नवंबर को बिपुल व्यापारी नाम के युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके बाद, पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतक के पिता हीरालाल व्यापारी ने आरोप लगाया कि घटना वाली रात विपुल ने अपनी पत्नी पापिया व्यापारी और उसके प्रेमी जयंत बारुई को आपत्तिजनक हालत में देखा था। इसे दबाने के लिए पापिया और जयंत ने घर में लोहे के हथौड़े से विपुल को बुरी तरह पीटा। जब वह बेहोश हो गया, तो जयंत उसकी लाश छोड़कर भाग गया। इसके बाद, विपुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में, विपुल की मौत हो गई। मामले के दौरान कुल 21 लोगों की गवाही हुई। कई डॉक्यूमेंट्स भी पेश किए गए। लंबी सुनवाई के बाद कृष्णानगर जिला सेशंस जज शुभंकर सेन ने आरोपी पापिया और जयंत को दोषी पाया। इस दिन, उन्होंने उम्रकैद का आदेश दिया।

# मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने एसआईआर को लेकर दी धमकी, कहा... 'आग से खिलवाड़ होगा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर धमकी का दौर जारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साध रही हैं और धमकी दे रही है। इसके बाद, उनके एक मंत्री ने भी धमकी दी है। राज्य के पुस्तकालय व जन शिक्षा विभाग के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने कहा कि एसआईआर के दौरान लोगों के नाम काटे गए तो अंजाम बुरा होगा। उन्होंने कहा कि यह आग से खिलवाड़ करना जैसा होगा। हम इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने एसआईआर के डर से लोगों द्वारा आत्महत्या करने




के मामले पर भी प्रतिक्रिया दी। मंत्री चौधरी ने कहा कि अभी तक जो रिपोर्ट आई हैं, उसके अनुसार कुल मिलाकर सभी राज्यों में 10-12 लोगों ने सुसाइड किया है। एसआईआर को लेकर ऐसे दिन हमने पहले कभी नहीं देखे थे। यह सिस्टम में गड़बड़ी है। लोग पैनिक हैं क्योंकि सिस्टम ठीक नहीं है। ट्रेनिंग होनी चाहिए, माहौल होना चाहिए। चुनाव आयोग वह भी नहीं कर सका। आयोग को लिबरल होना चाहिए; वे किसी एक पार्टी के रिप्रेजेंटेटिव नहीं हैं।

# डानकुनी से एक बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार, युवती भी बरामद

**हुगली, समाज्ञा :** डानकुनी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर डानकुनी नगरपालिका के 19 नंबर वार्ड के मृगाला मलिकपाड़ा इलाके में छापेमारी कर एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम रसल सिकदार (23) बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के साथ मौजूद 21 वर्षीय एक युवती को भी बरामद किया गया है। युवती की पहचान की कोशिश जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वह युवती बांग्लादेशी युवक के साथ क्यों रह रही थी। फिलहाल युवती को एक सुरक्षित होम में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद रसल सिकदार को श्रीरामपुर महकमा अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत की मांग की गई। अदालत ने 10 दिनों की पुलिस



रिमांड मंजूर कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी लगभग चार साल पहले अवैध रूप से भारत आया था। उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस को यह भी संदेह है कि आरोपी ने युवती को झांसा देकर अपने साथ लाया था। घटना सामने आते ही राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। विपक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, जबकि सत्ताधारी पक्ष मामले को संवेदनशील बताते हुए पुलिस जांच का इंतजार करने की अपील की है।

# मालदह में फिर तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या, आमबागान से मिला गोली लगा शव

**मालदह :** जिले में एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक का नाम ओबायदुल्ला खान बताया जा रहा है। पुलिस और परिवार के अनुसार, वह सोमवार की रात से लापता थे। मंगलवार की सुबह इंग्लिशबाज़ार थाने के कटागर इलाके में एक आमबागान से उनका रक्तरंजित गोली लगा हुआ शव बरामद हुआ। पास से उनकी मोटरसाइकिल भी मिली। ओबायदुल्ला, जो पेशे से कोयला व्यापारी थे, कलियाचक थाने के कॉलेज मोड़ बाथान इलाके के निवासी थे। परिवार ने बताया कि वह सोमवार शाम करीब चार बजे बाइक लेकर घर से निकले थे, कई घंटे



बीतने के बाद वह वापस नहीं लौटे। फोन भी लगातार स्विच ऑफ जा रहा था। देर रात परिवार ने कलियाचक थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों ने आमबागान में उनका रक्तरंजित शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिवार का आरोप है कि ओबायदुल्ला की गोली मारकर हत्या की गई है। हालांकि, हत्या के कारणों पर अभी साफ़ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि इस हत्या के पीछे किसी व्यावसायिक विवाद का हाथ हो सकता है। लेकिन यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इस घटना का राजनीतिक संबंध तो नहीं है। घटना की खबर मिलते ही विधायक सबीना यासमीन अस्पताल पहुंचीं। बता दें कि हाल ही में इंग्लिशबाज़ार के महदिपुर इलाके में बिजली कनेक्शन काटकर एक तृणमूल कार्यकर्ता की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया था। अब एक और तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या ने इलाके में चिंता बढ़ा दी है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# सेल, केंद्रीय विपणन संगठन,मुख्यालय, कोलकाता में राजभाषा संगोष्ठी सह-अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता (उपक्रम) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में मंगलवार को सेल, केंद्रीय विपणन संगठन, मुख्यालय, कोलकाता में राजभाषा संगोष्ठी सह अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उमेशचन्द्र कॉलेज के डॉ. कमल कुमार ने अनुवाद की मौलिकता एवं समस्याएं विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। संगोष्ठी सत्र में सेल, केंद्रीय विपणन संगठन के कार्यपालक निदेशक (वित्त व लेखा) एस के शर्मा, कार्यपालक निदेशक (विपणन) अभिजीत कुमार एवं कार्यपालक निदेशक (एम एस) अनिल कुमार अरोड़ा उपस्थित थे। इस अवसर पर नराकास (उपक्रम) कोलकाता के प्रतिनिधि राजेश कुमार साव, कोल इंडिया भी उपस्थित हुए।




प्रतियोगिता में समिति के 34 विभिन्न सदस्य कार्यालयों से कुल 62 अधिकारियों एवं कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल समन्वनय व संचालन में महाप्रबंधक (मा.सं.) संजित कुमार दास, राजभाषा अधिकारी अजय शंकर मिश्र, हिन्दी अनुवादक डॉ. अमित कुमार दीक्षित, कपिल प्रसाद साव एवं अनुप कुमार की अग्रणी भूमिका रही।

# मुर्शिदाबाद में मैदान में मिला तीन दिन से लापता बच्ची का शव

**मुर्शिदाबाद :** जिले के भरतपुर में तीन दिनों से लापता आठ वर्षीय बच्ची का शव मंगलवार की सुबह गांव के एक मैदान से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बच्ची के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिसके बाद परिवार ने अपहरण और हत्या का आरोप लगाया है। बच्ची के साथ अत्याचार किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है। बच्ची भरतपुर थाना क्षेत्र के सैयदकुलुट गांव की रहने वाली थी। शनिवार को वह रोज की तरह खेलने के लिए निकली थी, लेकिन देर तक वापस न आने पर परिव-ारवालों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची का कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने भरतपुर थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्ची की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। ड्रोन उड़ाए गए, स्निफर डॉग्स का इस्तेमाल किया गया, तालाब एवं झाड़ियों की तलाशी ली गई और आसपास के जंगलों में भी लगातार तीन दिनों तक खोज की गई। इसके बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।

मंगलवार की सुबह करीब 6.15 बजे ग्रामीणों ने गांव के ही एक मैदान में बच्ची का शव पड़ा देखा। शव के नाक से खून निकल रहा था और शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे। ग्रामीणों को शक है कि बच्ची का पहले अपहरण कर उसके साथ शारीरिक अत्याचार किया गया और बाद में उसकी हत्या करके शव को खेत में फेंक दिया गया। घटना के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। क्या बच्ची का सच में अपहरण हुआ था? किसने और क्यों उसे निशाना बनाया? क्या उसके साथ अत्याचार किया गया? उसकी मौत कैसे हुई? इन सभी सवालों के जवाब पुलिस की जांच से ही मिल पाएंगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कहा है कि रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

### नरेंद्रपुर में पिता की डांट के बाद माध्यमिक छात्र घर से निकला, हुआ लापता

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में माध्यमिक परीक्षा से ठीक पहले एक छात्र के लापता होने की घटना सामने आयी है। खेयादह-2 ग्राम पंचायत के भगवानपुर क्षेत्र का 15-16 वर्षीय ऋत्विक भरत सोमवार रात अपने घर से अचानक गायब हो गया। परिजनों के अनुसार पढ़ाई न करने और मोबाइल पर समय बिताने को लेकर पिता की डांट-फटकार और कथित मारपीट के बाद वह घर छोड़कर चला गया और अब तक वापस नहीं लौटा है। परिवार ने बताया कि 20 तारीख दोपहर पिता उपेंद्र भरत ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर बेटे को डांटा, जिसके बाद दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। उसी रात ऋत्विक चुपचाप घर से निकल गया। अगली सुबह जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने आसपास के क्षेत्रों, घाटों और रेलवे स्टेशनों में तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, नरेंद्रपुर थाने में उसकी लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में खोज अभियान चलाया जा रहा है।

### न्यूटाउन में सरकारी बस की टक्कर से युवती का हाथ कटा, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजारहाट के न्यूटाउन सिटी सेंटर-2 के सामने मंगलवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। तेज रफ्तार सरकारी बस की टक्कर में युवती का हाथ कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद वह घायल अवस्था में काफी देर तक सड़क पर पड़ी रहीं, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। घटना को लेकर इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार, दमदम कैंटोनमेंट की रहने वाली यह युवती अपने एक मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर न्यूटाउन सिटी सेंटर-2 के सर्विस रोड से मेन रोड की ओर जा रही थी। उसी समय कैखाली की दिशा से नारकेलबागान की ओर तेजी से जा रही एक सरकारी बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दोनों सड़क पर छिटककर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गिरते ही युवती के हाथ पर बस का पिछला पहिया चढ़ गया, जिससे उसका हाथ कटकर अलग हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद भी मौके पर खड़े लोगों में से कोई तुरंत सहायता के लिए आगे नहीं आया। इससे कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवती को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने हादसे में शामिल बस को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश जारी है।

### बाली हॉल्ट में चलती बस में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बाली हॉल्ट क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। जब यात्रियों से भरी एक चलती बस में अचानक आग लग गई। घटना बाली थाने के अंतर्गत उस समय हुई, जब धुलागढ़-नयाबाजार रूट की पब्लिक बस से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। स्थिति को भांपते हुए बस चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया, जिसके बाद यात्रियों ने घबराहट में जल्दी-जल्दी बस से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग लगते ही आसपास के इलाके में भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने प्राथमिक जांच में बताया कि आग लगने का कारण संभवतः इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट है। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की खबर नहीं है। इस मामले की जांच जारी है।

# श्रीरामपुर में हेरिटेज उत्सव 2025 को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगरपालिका की ओर से आगामी श्रीरामपुर हेरिटेज उत्सव 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को डेनमार्क टैवर्न में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, श्रीरामपुर थाने के प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती सहित कई गण्यमान्य अधिकारी और सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि श्रीरामपुर नगर की लगभग 800 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस वर्ष हेरिटेज उत्सव को और अधिक भव्य तथा आकर्षक रूप देने की योजना है। शहर प्राचीन काल से व्यापार का केंद्र रहा है और इसे आज भी एक प्रमुख बिज़नेस हब के रूप में जाना जाता है। साथ ही यह स्थान विश्व



की दूसरी सबसे बड़ी रथयात्रा के आयोजन के लिए भी प्रसिद्ध है, जो इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक खास पहचान देती है। पश्चिम बंगाल हेरिटेज कमिशन एवं यूनेस्को द्वारा सेंट ओलाव चर्च को मिली विशेष मान्यता से शहर की सांस्कृतिक महत्ता और बढ़ी है। इसके अतिरिक्त योगदा सत्संग ध्यान केंद्र भी श्रीरामपुर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। सीआईसी संतोष सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में सफलता-पूर्वक आयोजित हेरिटेज उत्सव के उत्साहपूर्ण परिणाम को देखते हुए इस वर्ष कार्यक्रम को और विस्तृत व आकर्षक बनाने की पहल की जा रही है। उत्सव का मुख्य केंद्र सेंट ओलाव चर्च से डेनमार्क टैवर्न होते हुए एन एस एवेन्यू तक का क्षेत्र रहेगा। चेयरमैन गिरधारी साहा ने कहा कि सभी विभागों, स्थानीय संगठनों और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से श्रीरामपुर की ऐतिहासिक विरासत को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक मजबूती से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

# हुगली जिला स्वास्थ्य विभाग ने मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवाओं को बनाया उन्नत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के दूरदराज, पिछड़े और दुर्गम इलाकों के लोगों तक बेहतर और न्यायसंगत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए हुगली जिला स्वास्थ्य विभाग ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन हेतु एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किया है। नये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के अनुसार, जिले के हर ब्लॉक और विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट हर सप्ताह छह बार निर्धारित माइक्रो-प्लान के तहत कैम्प आयोजित करेगा। इन कैम्पों के माध्यम से स्थानीय लोगों को निः शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। एमएमयू कैम्पों में सामान्य ओपीडी जांच और प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज



सहित एनसीडी जांच, 35 प्रकार की बुनियादी डायग्नोस्टिक टेस्ट शुगर, मलेरिया आदि, जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ परामर्श और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष देखभाल सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, पोषण और रोग-प्रतिरोध पर शिक्षण कार्यक्रम का समय समय पर आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक एमएमयू यूनिट में योग्य चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, ईसीजी ऑपरेटर, ऑप्टोमेट्रिस्ट, ड्राइवर, अटेंडेंट तथा स्थानीय सीएचओ, आशा और एएनएम की सहायता रहेगी। कैंप सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित होगा। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि स्थान चयन, प्रचार और भीड़ नियंत्रण में सहयोग करेंगे। हुगली जिला स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है हर घर तक मानसम्मत, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है।

## बिहार के स्वास्थ्य विभाग में 33 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की कवायद तेज

**पटना:** बिहार के नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण करते ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 33 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया आने वाले दिनों में पूरी की जाएगी। बिहार में नई सरकार के गठन के साथ ही प्रशासनिक निर्णयों के लेने की गति तेज हो गई है। पांडेय ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़े कदमों की घोषणा की। पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विभाग में 26 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 7,600 अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति की योजना भी शीघ्र लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार की प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाना है।

## राबड़ी को विधान परिषद की नेता प्रतिपक्ष के रुप में नया आवास, उपमुख्यमंत्रियों को भी बंगले आवंटित

**पटना:** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को भवन निर्माण विभाग ने मंगलवार को नया सरकारी आवास आवंटित किया। विभाग के आदेश के अनुसार राबड़ी देवी को अब हार्डिंग रोड स्थित केंद्रीय पूल आवास संख्या-39 में किया गया है। यह आवास उन्हें नेता प्रतिपक्ष के कोटे के तहत दिया गया है, जबकि अभी तक 10 सर्कुलर रोड पूर्व मुख्यमंत्री कोटे का आवास उनके नाम से आवंटित था। भवन निर्माण विभाग की ओर से मंगलवार को मंत्रियों और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के लिए नए सरकारी आवासों का आवंटन जारी किया गया। विभाग के संयुक्त सचिव-सह-भू-संपदा पदाधिकारी शिव रंजन द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राबड़ी देवी अब नेता प्रतिपक्ष पद पर हैं, इसलिए नियमों के अनुसार उनका आवास परिवर्तन आवश्यक है। राबड़ी देवी वर्ष 2005 से 10 सर्कुलर रोड में रह रही थीं लेकिन अब उन्हें इसे खाली करना होगा। हार्डिंग रोड स्थित नया आवास वीआईपी जोन में है और नेता प्रतिपक्ष के लिए निर्धारित सुरक्षा और सुविधाओं के अनुरूप है।

## मथुरा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राधा रानी मंदिर में दर्शन किये

**मथुरा (उप्र):** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को बरसाना के माताजी गौशाला परिसर पहुंचे और गौसेवा करके आशीर्वाद लिया। हेलीकॉप्टर से पहुंचे गडकरी ने बरसाना के माता जी गौशाला परिसर पहुंचने के बाद गौ सेवा की और उसके बाद वह रोप-वे से राधारानी के मंदिर पहुंचे और राधारानी की चौखट पर सिर रखकर श्रीजी से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय संत समाज, मंदिर पदाधिकारियों और भक्तों ने उन्हें पटका ओढ़ाकर पारंपरिक रीति से स्वागत किया। दर्शन करने के बाद गडकरी बरसाना में चल रही गुजरात के प्रसिद्ध भागवताचार्य रमेश बाबा की कथा का आनंद लेने पहुंचे। यहां उन्होंने पद्मश्री रमेश बाबा से संक्षिप्त आध्यात्मिक संवाद भी किया।

## बिहार विधानसभा का सत्र एक दिसंबर से शुरू होने की संभावना

**पटना:** बिहार विधानसभा का सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर पांच दिसंबर तक चलने की संभावना है। विधायी कार्य विभाग ने सत्र आयोजन से जुड़ी तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में विभाग के प्रस्ताव को सैद्धांतिक तौर पर स्वीकृति दी गई, हालांकि मुख्य सचिव ने इसकी औपचारिक जानकारी अपनी प्रेस वार्ता में साझा नहीं की। यह नवगठित 18वीं विधानसभा का पहला सत्र होगा। विधानसभा सूत्रों ने बताया कि सत्र की शुरुआत एक दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण से होगी। अगले दिन दो दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार तीन दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे विधानसभा के सेंट्रल हॉल में बिहार विधानमंडल का संयुक्त सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यपाल अभिभाषण देंगे। राज्यपाल के अभिभाषण की प्रतियां सदन पटल पर रखी जाएंगी और इसके साथ ही अनुदान व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया जाएगा। चार दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और सरकार जवाब देगी।

# हमने नौसेना के ध्वज से गुलामी के प्रतीक को हटाया, वही परिवर्तन अब अयोध्या में दिखा: नरेन्द्र मोदी

## अयोध्या में धर्म ध्वज का आरोहण, संतों ने सनातन गौरव का क्षण बताया

**अयोध्या (उप्र):** राम मंदिर के शिखर पर मंगलवार को ध्वजारोहण को साधु-संतों ने भावपूर्ण, ऐतिहासिक और सनातन गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि इसकी कल्पना उनके पूर्वजों ने सदियों पहले की थी। ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित संतों ने कहा कि यह धार्मिक क्षण ही नहीं, बल्कि सनातन आस्था की वैश्विक प्रतिष्ठा का साक्ष्य है। संतों ने इसे उस संघर्षपूर्ण यात्रा का फल बताया जिसमें संतों, भक्तों और समाज ने सैकड़ों वर्षों तक अदम्य धैर्य और आस्था का परिचय दिया। साधु-संतों ने कहा कि धर्म ध्वजा का आरोहण भारतवर्ष की आध्यात्मिक विरासत को और भी मजबूत करता है तथा संपूर्ण विश्व में सनातन आस्था की महिमा को प्रखरता से स्थापित करता है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। संतों ने कहा कि 'डबल इंजन' सरकार ने सनातन परम्पराओं के संरक्षण और मंदिर संस्कृति के पुनरुद्धार का जो कार्य किया, वह देश की आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ कर रहा है। राम वैदेही मंदिर के संत दिलीप दास ने कहा कि अयोध्या मिशन के अंतर्गत सनातन संस्कृति का जिस प्रकार पुनरुद्धार हुआ है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धर्म की रक्षा और स्थापना के उद्देश्य से सतत प्रयासरत बताया।




**अयोध्या :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वज-ारोहण करने के बाद मंगलवार को अपने संबोधन में एक पुराने प्रसंग की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी सरकार ने नौसेना के ध्वज से गुलामी के प्रतीक को हटाया और वही परिवर्तन आज अयोध्या में भी दिख रहा है। अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'हमें वह भारत बनाना है जो रामराज्य से प्रेरित हो और यह तभी संभव है जब स्वहित से पहले देश हित होगा, जब राष्ट्रहित सर्वोपरि रहेगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'हमारी व्यवस्था के हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाल रखा था। आप याद करिये भारतीय नौसेना का ध्वज, जिस पर सदियों तक ऐसे प्रतीक बने रहे, जिनका हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति, हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था।' उन्होंने कहा कि 'हमने नौसेना के ध्वज से गुलामी के प्रतीक को हटाया है। हमने छत्रपति शिवाजी महाराज विरासत को स्थापित किया है और यह सिर्फ एक डिजाइन में बदलाव नहीं हुआ, यह मानसिकता बदलने का क्षण था, यह वह घोषणा थी, कि भारत अब अपनी शक्ति अपने प्रतीकों से परिभाषित करेगा, न कि किसी और की विरासत को।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो सितंबर 2022 को कोच्चि में भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' के जलावतरण समारोह में नए ध्वज का अनावरण किया था। भारतीय नौसेना को उस दिन एक नया ध्वज मिला और इसके साथ ही उसने औपनिवेशिक पहचान को त्याग दिया। ब्रिटिश शासन से लेकर गणराज्य के प्रतीक तक यह झंडा सदियों में विकसित हुआ है। तब मोदी ने भारतीय नौसेना के नए निशान (ध्वज) का अनावरण करते हुए कहा था कि भारत ने औपनिवेशिक अतीत को त्याग दिया है। उन्होंने इसे छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित करते हुए कहा था, 'आज दो सितंबर, 2022 की ऐतिहासिक तारीख को, इतिहास बदलने वाला एक और काम हुआ है। आज भारत ने गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है। अयोध्या में मोदी ने कहा कि 'यह परिवर्तन आज अयोध्या में भी दिख रहा है। यह गुलामी की मानसिकता ही है कि इतने वर्षों तक रामत्व को नकारा गया है। भगवान राम अपने आप में एक 'वैल्यू सिस्टम' हैं।'

## राम मंदिर पर धर्म ध्वजा के लिये सिख गुरुओं और उनकी पीढ़ियों ने दी कुर्बानी : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर फहराये गये भगवा झंडे के लिये सिख गुरुओं और उनकी पीढ़ियों ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। आदित्यनाथ ने सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अयोध्या में एक भव्य समारोह में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत की सनातन परंपरा के भगवा ध्वज का आरोहण मंदिर के शिखर पर किया। यह वही भगवा ध्वज है, जिसकी रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने पीढ़ी दर पीढ़ी अपना बलिदान किया। उन्होंने कहा, 'सन् 1510 से लेकर सन् 1515 के बीच प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिए आए। सन् 1528 में विदेशी आक्रांता बाबर के सिपहसालार के द्वारा मंदिर को तोड़ दिया गया। उस समय बाबर के अत्याचार को देखकर गुरु नानक देव जी महाराज ने बाबर को जाबर कहकर उसके कृत्यों का दृढ़ता के साथ विरोध किया था।'

## श्री राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह में 500 से अधिक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

अयोध्या में श्री राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह में 500 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने मनभावन प्रस्तुति दी। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भव्य ध्वजारोहण से जुड़े समारोह को लेकर पावन नगरी उल्लास में डूबी रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति वाले इस ऐतिहासिक आयोजन पर उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक आयोजन ने रामनगरी को दिव्यता के आलोक से आलोकित किया। संगीत, नृत्य, लोक कलाओं और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच 500 से अधिक कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के हवाले से कहा गया कि संस्कृति विभाग की ओर से 24 और 25 नवंबर को विभिन्न विधा के स्थानीय कलाकारों ने मनभावन प्रस्तुतियां दीं। प्रधानमंत्री के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के मंत्र को साकार करते हुए अयोध्या के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग विधाओं की सांस्कृतिक झलकियां निरंतर गूंजती रहीं, जो शहर की प्राचीन परंपराओं को नए आयाम देती दिखाई दीं। ध्वजारोहण के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना शहरी क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। उनके साथ नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पटेल गोलंबर से ईको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा ईको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक भूमिगत नाला निर्माण और उसके ऊपर चार लेन सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत नाले ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि नाले के सुदृढ़ीकरण और सड़क निर्माण तेजी से पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजीव नगर भूमिगत नाले पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने पर जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी और नाले के ऊपर बन रही दो लेन की सड़क से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। इससे शहर का स्वरूप भी अधिक साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन चार लेन सड़क और उसे जेपी गंगा पथ से जोड़ने वाले संपर्क पथ का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मंदिरी नाला पर बन रहे पथ और संपर्क मार्ग को समय पर पूर्ण किया जाए। कुमार ने कहा कि शहर को व्यवस्थित रखने और लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

## नवगठित बिहार मंत्रिमंडल की पहली बैठक, पांच साल में युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने का फैसला



**पटना:** नवगठित बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी पहली बैठक की और अगले पांच साल में राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने का फैसला किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने और उद्योगों के विस्तार को नई दिशा देने के लिए तेजी से पहल शुरू कर दी है। सरकार का दावा है कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया गया, जबकि अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद उद्योगों को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्यों में तेजी लाई गई है। उन्होंने कहा कि बदलते बिहार की विकास गति को बल देने के लिए राज्य में प्रौद्योगिकी एवं सेवा आधारित नवाचारों पर आधारित 'न्यू ऐज इकोनॉमी' के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य सचिव ने बताया कि इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जो समिति बनेगी उसमें बिहार से संबंध रखने वाले विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी उद्यमियों, विशेषज्ञों आदि से सुझाव प्राप्त कर नीतियां और योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना और बंद पड़ी पुरानी चीनी मिलों को पुनः चालू करने के लिए भी नीति और कार्ययोजना बनाई गई है।

## बिहार में 11 नई 'सैटेलाइट टाउनशिप' विकसित की जाएंगी

**पटना:** बिहार में शहरी विकास को लेकर राज्य सरकार ने ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की है। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार बिहार को राष्ट्रीय शहरी मानकों के स्तर तक लाने के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि राजधानी पटना के पाटलिपुत्र और कंकड़बाग मॉडल की तर्ज पर अब 40 वर्ष बाद पहली बार राज्य में 11 नई 'सैटेलाइट टाउनशिप' विकसित की जाएंगी। नवीन ने बताया कि इन नई टाउनशिप में नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों के साथ सोनपुर और सीतामढ़ी (सीतापुरम) को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, अव्यवस्थित शहरी विस्तार और बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ते दबाव को देखते हुए यह निर्णय समय की जरूरत है। पटना स्थित विभागीय मुख्यालय में आयोजित विस्तृत समीक्षा बैठक में परियोजना की कार्ययोजना और क्रियान्वयन मॉडल पर विस्तार से चर्चा की गई।

# राजस्थान: एसआईआर के लिए ऊंट पर चढ़कर मतदाताओं तक पहुंचे अधिकारी



**जयपुर:** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत उपखंड अधिकारी (एसडीएम) और उनकी टीम ने दूरद-राज के इलाकों में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए ऊंट की सवारी की। सेड़वा के एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई और उनकी टीम सीमावर्ती इलाके में बावरवाला सहित अनेक गांवों में पहुंची जहां घर रेत के टीलों पर दूर-दूर तक फैले हुए हैं। उन्होंने मतदाता दस्तावेजों का सत्यापन किया और लोगों को एसआईआर प्रक्रिया का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, यह मतदाताओं को जागरूक बनाने की 'स्वीप' गतिविधि का हिस्सा भी रहा। हमारी कोशिश निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया को अच्छे तरीके से लागू करना है इसलिए यह गतिविधि की गई। एसडीएम ने कहा कि इलाके में रेत के टीले हैं जहां लोगों के घर हैं, इसलिए ऊंट की सवारी की गई। विश्नोई ने कहा कि इस तरह की पहल से विकट हालात में काम कर रहे बूथ स्तर के अधिकारियों (बीए-लओ) का हौसला बढ़ता है। रेतीले इलाके के अलावा सीमावर्ती इलाके में इंटरनेट कनेक्टिविटी भी एक चुनौती है। बीएलओ को प्रपत्र अपलोड करने के लिए उचित जगह चुननी पड़ती है। उन्होंने कहा, तमाम मुश्किलों के बावजूद जिले में बीए-लओ प्रभावी तरीके से काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ राज्य में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण का काम तीव्र गति से जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य में अब तक लगभग चार करोड़ गणना प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। जिसके साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर बरकरार है।

## न्यूज अपडेट

### जनता के विकास के लिए संकल्पित है 'डबल इंजन' सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों का लाभ राज्य की आठ करोड़ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। शर्मा पाली जिले के चामुंडेरी राणावतान में बाली विधानसभा के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी विकास कार्यों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ पूरा कर रही है तथा हर योजना का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंच रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार के गठन के तुरंत बाद हमने राज्य की आवश्यकताओं के आधार पर प्रारूप बनाया है। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय युवाओं के सपनों को रौंदा गया तथा 19 में से 17 प्रश्नपत्र लीक हो गए।

### राजस्थान के बूंदी जिले में चलती ट्रेन से गिरकर नीट अभ्यर्थी की मौत

**कोटा (राजस्थान):** राजस्थान के बूंदी जिले में केशोरायपाटन रेलवे स्टेशन के पास सोमवार रात कथित तौर पर चलती ट्रेन से गिरने से 21 वर्षीय नीट अभ्यर्थी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बिहार के पटना का रहने वाला दीपक कुमार कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था और इंद्रा कॉलोनी स्थित एक छात्रावास में रह रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी बहन भी परीक्षा की तैयारी कर रही है और वह अलग लड़कियों के छात्रावास में रहती है। क्षेत्राधिकारी हंसराज ने बताया कि दीपक और उसकी बहन सोमवार रात करीब 11:45 बजे कोटा रेलवे स्टेशन से अपने गृहनगर के लिए ट्रेन में सवार हुए। अधिकारी ने बताया कि जब उसकी बहन सो रही थी तब वह शौचालय गया और संदेह है कि खेड़ी रेलवे फाटक के पास गेट से फिसलकर पटरी पर गिर गया। निरीक्षक हंसराज ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों ने मंगलवार सुबह करीब पांच बजे उसे पटरियों के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया और उसे कोटा के एमबीएस अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### भारत की आत्मा और हमारे राष्ट्रीय चरित्र का मार्गदर्शक है संविधान: बिरला

जयपुर, 25 नवंबर (भाषा) लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और हमारे राष्ट्रीय चरित्र का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व जैसे मूल मूल्य हमारे लोकतंत्र की नींव हैं और युवाओं के लिए इन्हें समझना और अपने व्यवहार में उतारना बेहद आवश्यक है। वे संविधान दिवस के अवसर पर यहां एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'संविधान को जानो' जैसे प्रयास आज के समय की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों में देश के अलग-अलग राज्यों और दुनिया के कई देशों से विद्यार्थी पढ़ते हैं, वे भारत की विविधता का सबसे सुंदर स्वरूप दिखाते हैं। यही विविधता हमारी शक्ति है और संविधान इसे एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। बिरला ने कहा कि संविधान निर्माण की प्रक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन की निरंतरता थी और डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों ने तीन वर्षों तक व्यापक चर्चा करके एक ऐसा संविधान तैयार किया जो हर नागरिक को न्याय और अधिकार का भरोसा देता है।

### नवविवाहिता की हत्या के आरोप में उसका पूर्व प्रेमी गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले में पुलिस ने मंगलवार को 20 वर्षीय नवविवाहिता की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए उसके पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) ज्ञानेंद्र प्रसाद ने बताया कि शिवानी निषाद नामक नवविवाहिता का खून से लथपथ शव गत 23 नवंबर की देर रात उसके माता-पिता के जंगल रसूलपुर गांव में स्थित पुराने घर के शौचालय में पाया गया था। उसकी शादी इसी साल नौ मई को देवरिया जिले में हुई थी। वह 21 नवंबर को अपने एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिये मायके आयी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को शिवानी के पुराने प्रेमी विनय निषाद उर्फ दीपक को गिरफ्तार किया।

## सम्राट चौधरी ने गृह विभाग संभाला, कहा-स्कूल-कॉलेजों के आसपास 'एंटी-रोमियो दस्ते' तैनात किए जाएंगे



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को गृह विभाग का कार्यभार संभालने के साथ ही कहा कि राज्य में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल और कॉलेजों के आसपास विशेष पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने कहा, हम 'पिंक पेट्रोलिंग' की तर्ज पर स्कूलों और कॉलेजों के बाहर 'एंटी-रोमियो दस्ते' तैनात करेंगे ताकि कोई भी हमारी बहनों और बेटियों के साथ छेड़खानी या उनका उत्पीड़न करने की हिम्मत न कर सके। छुट्टियों के दौरान भी विशेष पुलिस बल निगरानी करेगा। 'पिंक पेट्रोलिंग' कई राज्यों में महिलाओं और लड़कियों के साथ छेड़खानी रोकने के लिए पहले से लागू है। उन्होंने कहा कि अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई जाएगी और अब तक करीब 400 माफिया की पहचान की जा चुकी है, जिनकी संपत्तियां न्यायालय के आदेश पर जब्त की जाएंगी। चौधरी ने कहा, न्यायालय के आदेश के अनुसार अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जेलों में सख्त निगरानी रखी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया, ''जेल परिसर में मोबाइल फोन की अनधिकृत एंट्री पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी चिकित्सकों की अनुमति के बिना कैदियों को बाहर का भोजन नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार ने बिहार में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया है। हम इसे और मजबूत करने की दिशा में प्रयास करेंगे। चौधरी ने कहा कि साइबर अपराध पर कड़ी कार्रवाई होगी और सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल या आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों के खिलाफ भी उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे।

## बिहार: शेखपुरा में ट्रक और टेम्पो की भिड़ंत में छह लोगों की मौत, आठ घायल



**शेखपुरा/पटना:** बिहार के शेखपुरा जिले में मंगलवार दोपहर हुए एक भीषण सड़क हादसे में टेम्पो सवार छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि घायलों में चार की स्थिति गंभीर बताई गई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित वर्द्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। शेखपुरा के यातायात थाना के थानाध्यक्ष सदाशिव ने बताया कि हादसा शेखपुरा-जमुई राष्ट्रीय राजमार्ग 333-ए पर मनियांडा मोड़ के पास दोपहर करीब एक बजे हुआ। उन्होंने कहा कि तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पो को सीधी टक्कर मार दी जिससे टेम्पो पर सवार सभी 14 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल शेखपुरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक अन्य की मौत उपचार के दौरान हो गई। मृतकों की पहचान बेंगुचा गांव (थाना करंडे) निवासी राहुल कुमार, आशा देवी, सुरती देवी, निशा कुमारी, राजकुमार साव और महेश कुमार के रूप में की गई है। मृतकों में निशा कुमारी की उम्र लगभग 10 वर्ष है, जबकि अन्य की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच बताई गई है। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को वर्द्धमान मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है जिनमें टेम्पो चालक सुमन कुमार तथा यात्री दीपक कुमार, सुषमा देवी और प्रियंका कुमारी शामिल हैं। बाकी चार घायलों का उपचार सदर अस्पताल में जारी है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नक्सल रोधी अभियान में मारे गए पुलिसकर्मी के परिवार को मप्र सरकार एक करोड़ रुपये देगी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में पिछले सप्ताह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए राज्य पुलिस के निरीक्षक आशीष शर्मा के परिवार को मंगलवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। शर्मा मध्यप्रदेश की नक्सल रोधी इकाई 'हॉक फोर्स' के सदस्य थे और नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट में तैनात थे। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने उनके छोटे भाई अंकित को अनुकंपा के आधार पर जिला पुलिस बल में उपनिरीक्षक नियुक्त करने का भी फैसला किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ में नक्सल रोधी अभियान के दौरान 19 नवंबर को शहीद हुए निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) शर्मा के परिवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई। शर्मा एक प्रतिभाशाली और साहसी पुलिस अधिकारी थे, जिन्हें दो बार राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया था।

### गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर पर मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। गुरु तेग बहादुर को धार्मिक स्वतंत्रता को कायम रखने के मकसद से अपने बलिदान के लिए 'हिंद की चादर' के रूप में पूजा जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने ज्योतिसर गांव में इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राज्य और पड़ोसी क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समारोह में भाग लिया और नौवें सिख गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। पटियाला के प्ले-वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों के 350 छात्रों ने 30 मिनट से अधिक समय तक भावपूर्ण 'शबद कीर्तन' प्रस्तुत किया, जिसमें गुरु तेग बहादुर के सार्वभौमिक भाईचारे के संदेश को दर्शाया गया।

### कॉमेडियन कामरा ने आरएसएस को निशाना बनाने वाली टी-शर्ट पहनी, भाजपा ने कार्रवाई की चेतावनी दी

**मुंबई :** हास्य कलाकार कुणाल कामरा ने सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो साझा कर विवाद पैदा कर दिया है, क्योंकि उन्होंने तस्वीर में जो टी-शर्ट पहनी है उसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मखौल उड़ाया गया है। इस घटना पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी। महाराष्ट्र के मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने आगाह किया कि पुलिस ऑनलाइन 'आपत्तिजनक' सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। बावनकुले ने कहा, ''पुलिस ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जो इस तरह की आपत्तिजनक पोस्ट साझा करते हैं।'' वह कामरा द्वारा सोमवार को सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें ''एक कुत्ते की छवि वाली टी-शर्ट के साथ भाजपा के वैचारिक संस्था आरएसएस का संदर्भ दिया गया था''।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार 12वें दिन भी 'बहुत खराब' बनी रही

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की वायु गुणवत्ता मंगलवार को लगातार 12वें दिन भी बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 353 रहा और राजधानी में इस मौसम का अब तक का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, 26 से 28 नवंबर तक वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। इसके अनुसार अगले छह दिनों के लिए वायु गुणवत्ता गंभीर से लेकर बहुत खराब तक हो सकती है। मंगलवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 352 रहा, जबकि सोमवार को यह 382 था।

# गुरु तेग बहादुर ने सत्य की रक्षा को अपना धर्म माना, इसके लिए अपनी जान दे दी : प्रधानमंत्री मोदी

**कुरुक्षेत्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुरु तेग बहादुर ने सत्य, न्याय और आस्था की रक्षा को अपना धर्म माना और इसके लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। नौवें सिख गुरु के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर यहां एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'गुरु परंपरा' की सेवा इसी तरह करती रहेगी। अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर केसरिया धर्म ध्वज के आरोहण के बाद यहां कार्यक्रम में पहुंचे मोदी ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।



सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज धरोहर का एक अद्भुत संगम हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुबह वह 'रामायण की नगरी' अयोध्या में थे और अब वह भगवान कृष्ण की धरती पर हैं। मोदी ने कहा कि नौ नवंबर 2019 को जब राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आया, तो वह करतारपुर गलियारे के उद्घाटन के लिए पंजाब के डेरा बाबा नानक गए थे। उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना कर रहा था कि राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो और सभी राम भक्तों की इच्छाएं पूरी हों। उन्होंने कहा, और उस दिन हमारी प्रार्थनाएं कबूल हुईं, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला आया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें फिर से 'सिख संगत' से आशीर्वाद लेने का मौका मिला।

### गीता का शाश्वत संदेश आज भी वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक है



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्रह्मसरोवर के पवित्र तट पर शाम की महाअरती की। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया को गीता का दिव्य ज्ञान कुरुक्षेत्र के पवित्र स्थल ज्योतिसर से प्राप्त हुआ। यह महोत्सव 15 नवंबर को शुरू हुआ और पांच दिसंबर तक आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि से विश्व को भगवद्गीता का दिव्य संदेश दिया था।

## दिशासूचक प्रणाली में निजी क्षेत्र की भागीदारी से विकसित भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा : इसरो प्रमुख

**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने मंगलवार को कहा कि वह निजी कंपनियों को अंतरिक्ष यान और रक्षा क्षेत्र के लिए दिशासूचक प्रणाली बनाने के जटिल काम में आगे आते देखकर प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों के प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि दिशासूचक प्रणालियां अत्यधिक जटिल और महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें इसरो अकेले विकसित नहीं कर सकता। नारायणन ने कहा, जब हम विकसित भारत 2047 की बात करते हैं, तो यह सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है कि किसी भी तरह के आयात की आवश्यकता न पड़े। दिशासूचक प्रणालियां बनाने का काम बहुत ही महत्वपूर्ण है, और इसरो अकेले इसे विकसित नहीं कर सकता। इसलिए मुझे बेहद खुशी है कि तिरुवनंतपुरम में अनंत टेक्नोलॉजीज़ ने इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। वह यहां किनफ्रा पार्क में हैदराबाद स्थित अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा नेविगेशन में उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। अनंत टेक्नोलॉजीज इसरो, डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) और ब्रह्मोस जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रही कंपनी है। भारत अंतरिक्ष अभियानों और मिसाइल एवं रक्षा प्रणालियों, दोनों के लिए आयातित दिशासूचक तकनीक पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक के स्वदेशी विकास से लागत में काफ़ी कमी आएगी। इसरो अध्यक्ष ने कहा, विकास के स्तर पर, लागत अन्य देशों के बराबर होगी, क्योंकि केवल एक या दो इकाइयां ही बनाई जाती हैं, और इसमें बहुत सारा काम शामिल होता है। लेकिन उत्पादन के चरण में, मेरा मानना है कि लागत में भारी गिरावट आएगी।

## बदरीनाथ के कपाट बंद, चारधाम यात्रा का समापन

**गोपेश्वर :** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित भगवान बदरीनाथ के कपाट मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि विशेष पूजा अर्चना के बाद बदरीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। इस मौके पर ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए श्रद्धालु बदरी विशाल के दर्शन के लिए मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह से ही शुरू हो गयी थी। कपाट बंद होने से पहले आखिरी पूजा बदरीनाथ के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी ने संपन्न की। इस अवसर पर बदरीनाथ मंदिर परिसर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया था जिनमें मुख्य रूप से पीले और नारंगी रंग के गेंदे के फूलों का उपयोग किया गया। सेना की गढ़वाल स्काउट के बैंडों की मधुर धुनों के साथ पारंपरिक लोकनृत्य और भजन कीर्तन के चलते सुबह से ही बदरीनाथ धाम में वातावरण भक्तिमय हो उठा था।



## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा : विदेश मंत्रालय

**अमरावती :** भारत ने शंघाई हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिये जाने पर चीन की प्रतिक्रिया को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर का यह राज्य देश का अभिन्न हिस्सा है। इससे पहले पेमा वांग थोंगडोक नामक भारतीय महिला ने आरोप लगाया कि 21 नवंबर को शंघाई हवाई अड्डे पर चीनी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें 18 घंटे तक रोके रखा था और अरुणाचल प्रदेश जन्मस्थान होने की वजह से उनके भारतीय पासपोर्ट को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ये कार्रवाई नियमों के अनुसार थी। साथ ही, उसने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को भी दोहराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय नागरिक को मनमाने ढंग से हिरासत में लेने के संबंध में चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा दिए गए बयान को देखा है। भारतीय नागरिक को उस समय हिरासत लिया गया जब वह शंघाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुजर रही थी और उसके पास वैध पासपोर्ट था। उन्होंने कहा, ''अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है तथा यह एक स्वतःसिद्ध तथ्य है। चीनी पक्ष द्वारा किसी भी तरह का इनकार इस निर्विवाद वास्तविकता को बदलने वाला नहीं है।'' जायसवाल ने कहा कि भारतीय नागरिक की हिरासत का मुद्दा चीनी पक्ष के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया गया है। उन्होंने कहा, ''चीनी अधिकारी अब भी अपने कृत्यों के बारे में स्पष्टीकरण नहीं दे पाए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को नियंत्रित करने वाले कई संधियों का उल्लंघन है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''चीनी अधिकारियों की कार्रवाई उनके अपने नियमों का भी उल्लंघन करती है, जो सभी देशों के नागरिकों को 24 घंटे तक वीजा-मुक्त आवागमन की अनुमति देते हैं।''



## पूरे भारत के तापमान में 0.89 डिग्री की औसतन वृद्धि हुई, प्रतिकूल मौसम अब सामान्य घटना हुई : अध्ययन

**नयी दिल्ली :** एक नवीनतम शोध में खुलासा हुआ है कि 20वीं सदी के शुरुआती 25 वर्ष की तुलना में 2015-2024 के दौरान पूरे भारत के औसत तापमान में 0.89 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जबकि देश के कई हिस्सों में तापमान में अत्यधिक बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अध्ययन के मुताबिक, 1995-2014 की तुलना में मध्यम उत्सर्जन परिदृश्य के तहत सदी के मध्य तक औसत तापमान में 1.2 से 1.3 डिग्री सेल्सियस की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान है। पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान और आंध्र प्रदेश के श्री सिटी स्थित क्रेया विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं ने देश में जलवायु परिवर्तन के देखे गए और अनुमानित रुझानों पर अद्यतन आकलन किया है। अध्ययन के इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग और वैश्विक जलवायु मॉडल सहित डेटासेट का विश्लेषण किया गया। 'पीएलओएस क्लाइमेट' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र के मुताबिक समुद्री उष्ण तरंगों की अवधि – समुद्र की सतह का उच्च तापमान, जो तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है – 1970-2000 के दौरान प्रति वर्ष लगभग 20 दिनों से बढ़कर सदी के मध्य तक लगभग 200 दिन प्रति वर्ष हो सकती है।

## जुबिन की मौत 'स्पष्ट तौर पर हत्या' का मामला : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि गायक जुबिन गर्ग की सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय हुई मौत ''स्पष्ट तौर पर हत्या'' का मामला है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि एक व्यक्ति ने गर्ग की हत्या की और अन्य ने उसकी मदद की। गर्ग की मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले में हत्या की धाराएं भी जोड़ दी हैं। एसआईटी ने गायक की मौत के सिलसिले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। शर्मा ने दावा किया, ''एक आरोपी ने गर्ग की हत्या की और अन्य ने उसकी मदद की। हत्या के मामले में चार से पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''हत्या मामले में दिसंबर में आरोपपत्र दाखिल होने के बाद जांचकर्ता लापरवाही, आपराधिक विश्वासघात और अन्य पहलुओं की जांच करेंगे।'' शर्मा ने विस्तृत जानकारी दिये बिना कहा, ''इस मामले की शुरुआत कोविड-19 से आठ साल पहले शुरू हुई है। जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा ताकि जुबिन के साथ विश्वासघात करने वाला एक भी व्यक्ति न बचे।'' राज्य के गृह विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रहे मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एसआईटी एक 'ठोस आरोपपत्र' दाखिल करेगी और अपराध के पीछे का मकसद राज्य के लोगों को चौंका देगा। उन्होंने संकेत दिया कि पूरा मामला पैसे से जुड़ा है। पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र के पहले दिन शर्मा गायक की मौत पर विपक्ष द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को अनुमति दे दी, जो सरकार द्वारा स्थगन प्रस्ताव के लिए अनुमति मांगने का एक दुर्लभ उदाहरण है। शर्मा ने कहा, ''यह सरकार द्वारा विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार करने का अभूतपूर्व उदाहरण है।''



## वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित करें : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा नेता सुनील शर्मा से मंगलवार को कहा कि वह श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस (एसएमवीडीआईएमई) को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित करने के लिए दबाव डालें ताकि गैर-हिंदू छात्रों को इससे दूर रखा जा सके। अब्दुल्ला ने कहा कि ऐसे नेताओं को जब भी वे समुदाय के खिलाफ उंगली उठाने की कोशिश करें तो उन्हें मेडिकल कॉलेज में मुस्लिम छात्रों के प्रवेश के अपने विरोध को याद रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''आस्था ठीक है, लेकिन जब आप कॉलेज बना रहे थे, तो उसे अल्पसंख्यक दर्जा दिया जाना चाहिए था। कॉलेज में दाखिले नीट और दूसरी परीक्षाओं के आधार पर होते हैं, धर्म के आधार पर नहीं।'' अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा द्वारा अपनी पार्टी के इस रुख का बचाव करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि कॉलेज में पहले बैच के दाखिले रद्द कर दिए जाने चाहिए।



## सुभाष भूरा ने नोखा को दी स्पोर्ट्स ग्राउण्ड की सौगात

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भामाशाहों के योगदान को सराहा

**नोखा :** कड़ी मेहनत और लगन से सफलता ज़रूर मिलती है। यह बात केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ढिंगसारी गांव में स्पोर्ट्स ग्राउंड और हॉस्टल के उद्घाटन के मौके पर कही। शेखावत ने कहा कि जब इन लड़कियों के पास रिसोर्स की कमी थी, तब उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से नेशनल लेवल पर सफलता हासिल की। अब, चार स्पोर्ट्स ग्राउंड, एक हॉस्टल और सारा सामान मौजूद होने से आसमान उनका है। शेखावत ने कहा कि वह उन समाजसेवियों और सपोर्टर्स का भी शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने गांव के टैलेंट को आगे बढ़ने का मौका दिया। बताना प्रासंगिक है कि नोखा निवासी-भुवनेश्वर प्रवासी सुभाष भूरा (उत्कल बिल्डर्स ग्रुप) ने अपने पिता स्व. सम्पतलाल भूरा की स्मृति में नोखा के इस गांव को स्पोर्ट्स ग्राउण्ड एवं होस्टल की सौगात दी गयी है। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, नोखा निवासी और भुवनेश्वर निवासी उत्कल बिल्डर्स के चेयरमैन सुभाष भूरा, प्रकाश भूरा, धर्मचंद भूरा, बीकाजी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, अर्जुन अवॉर्डी मगन सिंह राजवी, यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी दिलीप सिंह शेखावत और कोच विक्रम सिंह राजवी स्टेज पर मौजूद थे। चंद्रवीर सिंह राजवी ने कहा कि उत्कल बिल्डर्स के श्री सुभाष भूरा और बीकाजी के सपोर्ट से लड़कियों को गाइड करने के लिए जल्द ही दो नए कोच अपॉइंट किए जाएंगे।

## सेलिना जेटली ने पति पर घरेलू हिंसा और क्रूरता का आरोप लगाते हुए अदालत में याचिका दायर की

**मुंबई :** अभिनेत्री सेलिना जेटली ने स्थानीय अदालत में अपने 'आत्मकेंद्रित' ऑस्ट्रियाई पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत दाखिल की है जिसमें उन्होंने गंभीर भावनात्मक, शारीरिक व यौन उत्पीड़न के अलावा अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट एस. सी. ताडये ने मंगलवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाग को नोटिस जारी किया और मामले को अगली सुनवाई के लिए 12 दिसंबर को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सेलिना जेटली (47) ने करंजवाला एंड कंपनी लॉ फर्म के माध्यम से दायर अपनी याचिका में हाग पर घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों के तहत घरेलू हिंसा, क्रूरता का आरोप लगाया। अभिनेत्री ने दावा किया है कि पति द्वारा किए गए गंभीर भावनात्मक, शारीरिक, यौन और मौखिक उत्पीड़न के कारण उन्हें ऑस्ट्रिया स्थित अपना घर छोड़कर भारत लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा।



## पाकिस्तानी युगल भागकर कच्छ पहुंचा, बीएसएफ ने हिरासत में लिया

**कच्छ (गुजरात) :** पाकिस्तानी हिंदू प्रेमी-प्रेमिका शादी करने के लिए अपने परिवारों के विरोध का सामना करते हुए अपने घर से कथित तौर पर भागने के बाद गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा तक पहुंच गए जहां सुरक्षा बलों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद यहां पहुंचे पोपट (24) और गौरी (20) को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने हिरासत में ले लिया। बालासर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पोपट और गौरी अंतरराष्ट्रीय सीमा से आठ किलोमीटर दूर पाकिस्तान के मीठी गांव स्थित अपने घरों से रविवार रात भाग गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों ने पैदल ही यह दूरी तय की थी।



## उत्तराखंड में भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नयी दिल्ली :** भारत-नेपाल द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण' का 19वां संस्करण मंगलवार को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शुरू हुआ। इसका उद्देश्य जंगली क्षेत्र में युद्ध, पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों और थल एवं नभ में एकीकृत अभियानों में बटालियन स्तर के तालमेल को मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। भारतीय दल में 334 कर्मी शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से 'असम रेजिमेंट' के सैनिक कर रहे हैं, जबकि नेपाल पक्ष का प्रतिनिधित्व 'देवी दत्त रेजिमेंट' के 334 सैनिक कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास आठ दिसंबर को समाप्त होगा और इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय सात के तहत पारंपरिक युद्ध से नीचे के स्तर से छोटे अभियान के संचालन का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है। इसमें कहा गया है, इस अभ्यास का उद्देश्य जंगली क्षेत्र में युद्ध, पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों, मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर), चिकित्सा प्रतिक्रिया, पर्यावरण संरक्षण और थल एवं नभ में एकीकृत अभियानों में बटालियन स्तर की तालमेल को मजबूत करना है। अभ्यास का यह संस्करण विशिष्ट और उभरती प्रौद्योगिकियों को शामिल करने पर केंद्रित होगा। मंत्रालय ने कहा कि सामूहिक प्रयास सैनिकों के बीच अंतर-संचालन के स्तर को बढ़ाने तथा शांति अभियानों के दौरान संयुक्त राष्ट्र के हितों और एजेंडे को सर्वोपरि रखते हुए जान-माल के नुकसान के जोखिम को कम करने पर केंद्रित होंगे।




## हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट दार्जिलिंग में चार दिवसीय एकीकृत संचार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय (प.बं.-उत्तर) द्वारा आज दार्जिलिंग के हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एचएमआई) में चार दिवसीय एकीकृत संचार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम (आईसीओपी) की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी षश्ररसीहळ योजनाओं के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना और विशेष रूप से छात्रों व युवाओं को राष्ट्रीय विकास तथा जन-कल्याण से जुड़े विषयों से जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन एचएमआई के प्रिंसिपल कर्नल रजनीश जोशी ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय जागरूकता अभियानों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने और दूसरों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सीबीसी के सहायक निदेशक श्री एम.के. हाइट ने जन-संचार की प्रभावी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। आईसीओपी के उद्देश्यों पर विस्तृत सत्र प्रस्तुत करते हुए पीआईबी एवं सीबीसी, कोलकाता की अतिरिक्त महानिदेशक सुश्री जेन नामछू ने सरकार की नीतियों और विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में सीबीसी की भूमिका समझाई। उन्होंने प्रतिभागियों से समुदाय में भी इन संदेशों को फैलाने की अपील की। सीजीएसटी के संयुक्त आयुक्त श्री निर्मल जॉय ने जीएसटी 2.0 पर जानकारीपूर्ण सत्र लेते हुए इसकी विशेषताओं को सरल ढंग से समझाया। दिन के अन्य वक्ताओं में दार्जिलिंग (अर्बन) के सीडीपीओ श्री अजय कुमार प्रसाद, डाक विभाग के पीएलआई अधिकारी श्री सुमित कुमार शाह और रामकृष्ण बेसिक ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती लोचन थापा शामिल रहीं, जिन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उद्घाटन दिवस पर आयोजित रोचक क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपना ज्ञान परखा। इसके बाद सीबीसी (ई एंड एसबी) की सॉग एंड ड्रामा डिवीजन द्वारा *एक भारत श्रेष्ठ भारत* थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। चार दिवसीय आईसीओपी के दौरान जागरूकता सत्र, प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जन-भागीदारी आधारित गतिविधियां जारी रहेंगी।




## छत्तीसगढ़: नारायणपुर में 28 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 89 लाख रुपये के इनामी 22 नक्सलियों समेत कुल 28 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में 28 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन नक्सलियों ने अपने पास रखे तीन हथियार एसएलआर, इंसास और .303 राइफल को भी सुरक्षाबलों को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में 19 महिला नक्सली भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उनमें डिविजनल कमेटी के सदस्य पंडी ध्रुव उर्फ दिनेश (33), पूर्व बस्तर डिवीजन की कंपनी नंबर छह की सदस्य दुले मंडावी (26), छत्तीस पोयाम (18) और पदनी ओयाम (30) के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। वहीं एरिया कमेटी सदस्य लखमू उसेंडी (20), लिमि उर्फ सुखमती नुरेटी (25), मासे उर्फ सकीला कश्यप (35), शामबत्ती शोरी (35), चौते उर्फ रजिता पद्दा (30) और बुधरा रवा (28) के सिर पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि चार नक्सलियों पर तीन-तीन लाख रुपये, दो नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये तथा छह नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। इसके साथ ही आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक्सलियों द्वारा जमा किए गए तीन हथियारों के लिए कुल पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि यह राज्य शासन का 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत स्थायी शांति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पुनर्वास नारायणपुर के स्थानीय समाज, प्रशासन, पुलिस और सुरक्षाबलों के सतत, समन्वित तथा दृढ़ प्रयासों का परिणाम है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि आज की कार्रवाई के साथ इस वर्ष जिले में कुल 287 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने कहा, ''नारायणपुर जिले में 28 माओवादी कैडर का पुनर्वास यह दर्शाता है कि हिंसक और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का अंत अब निकट है। लोग 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल पर भरोसा जताते हुए शांति, गरिमा और स्थायी प्रगति का मार्ग चुन रहे हैं।''



## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने बधिर ओलंपिक निशानेबाजी में 16 पदक जीते, सपकाल छठे स्थान पर

**तोक्यो:** भारत ने बधिर ओलंपिक निशानेबाजी प्रतियोगिता में 16 पदक जीते जबकि चेतन हनमंत सपकाल मंगलवार को पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग दौर में तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे सपकाल आठ स्कोर करके छह पुरूषों के फाइनल में बाहर होने वाले पहले खिलाड़ी रहे। दक्षिण कोरिया के सियुंग वा ली ने स्वर्ण, ताए यंग किम ने कांस्य और यूक्रेन के सेरही ओहोरोदनिक ने रजत पदक जीता। भारतीयों ने निशानेबाजी रेंज पर कुल 39 में से 16 पदक जीते जिनमें सात स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। राइफल निशानेबाजी के महिला वर्ग में माहित संधू ने दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। वहीं पिस्टल निशानेबाज अभिनव देशवाल और प्रांजलि धूमल ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते। धनुष श्रीकांत ने दस मीटर एयर राइफल में दो स्वर्ण पदक जीते जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने एक रजत और एक कांस्य और कोमल वाघमारे ने दो कांस्य पदक हासिल किये। भारतीय निशानेबाजों ने पिछली बार ब्राजील में हुए खेलों में तीन स्वर्ण और दो कांस्य समेत पांच पदक जीते थे।

### हम भारत को घुटने के बल लाना चाहते थे : दक्षिण अफ्रीकी कोच शुकरी

**गुवाहाटी:** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कोनराड चाहते थे कि उनकी टीम दूसरे टेस्ट के चौथे दिन भारत को घुटनों के बल ले जाये और 549 रन के दुरूह लक्ष्य के जवाब में मेजबान टीम अब श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने से बचाव के लिये जूझ रही है। कोनराड के इस बयान से तनाव पैदा हो सकता है लेकिन उन्होंने कहा कि वह इंग्लैंड के दिवंगत कप्तान टोनी ग्रेग के मशहूर इंटरव्यू से एक वाक्य चुरा रहे हैं जो उन्होंने 1976 में क्लाइव लॉयड की वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ श्रृंखला से पहले बोला था। उनकी टीम वह श्रृंखला 0 . 3 से हार गई थी। कोनराड ने चौथे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'हम चाहते थे कि भारतीय टीम मैदान पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताये। हम चाहते थे कि वे घुटनों के बल आ जाये (यह वाक्य मैं चुरा रहा हूं) और हम मैच उनकी जद से बिल्कुल बाहर करना चाहते थे।'

# भारत और पाकिस्तान टी20 विश्व कप के लिए एक ही ग्रुप में,15 फरवरी को होगा आमना सामना

**मुंबई:** चिर-प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान को 2026 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए ग्रुप ए में रखा गया है और मंगलवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के बीच टूर्नामेंट के लिए हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। मौजूदा चैंपियन भारत अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा और उसके बाद 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया से भिड़ेगा। टीम इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए कोलंबो जायेगी और फिर 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलेगी। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक आठ स्थलों (भारत में पांच और श्रीलंका में तीन) पर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई, मुंबई, कोलंबो और कैंडी में 55 मैच होंगे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम का अनावरण करते हुए यह घोषणा की। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान शामिल हैं, जबकि ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली शामिल हैं। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा और यूएई शामिल हैं। भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा को इस विश्व कप के लिए टूर्नामेंट दूत नियुक्त किया गया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 में हुए पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 32.01 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए। रोहित ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत की जीत के बाद खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारत ने तब 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।




### रोहित शर्मा को 2026 टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ब्रांड दूत घोषित किया गया

(चौथे पैरा में सुधार के साथ रिपीट) मुंबई, 25 नवंबर (भाषा) भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा को भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को टूर्नामेंट दूत नियुक्त किया गया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 में हुए पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 32.01 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने यहां टूर्नामेंट के कार्यक्रम का अनावरण करते हुए यह घोषणा की। रोहित ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत की जीत के बाद खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारत ने तब 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

## स्मृति मंधाना के अकाउंट से शादी से पहले के सोशल मीडिया पोस्ट गायब



**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुछाल के साथ अपनी शादी से पहले के जश्न से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। उनके पिता के अस्पताल में भर्ती होने के कारण मुख्य समारोह अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। स्मृति और पलाश 23 नवंबर को महाराष्ट्र में इस क्रिकेटर के गृहनगर सांगली में शादी करने वाले थे। स्मृति के पिता के दिल की बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती होने के बाद समारोह रोक दिया गया। हालांकि सगाई और दूसरे जश्न से पहले के वायरल सोशल मीडिया पोस्ट स्मृति के पेज से गायब होने के बाद इस जोड़ी के बीच के रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सगाई की घो-षणा का वीडियो भी अब उनके पेज पर नहीं दिख रहा जिसमें स्मृति भारतीय टीम की अपनी कुछ साथियों के साथ 'लगे रहो मुन्नाभाई' के गाने 'समझो हो ही गया' पर नाच रही थीं। इसे असल में टीम की उनकी साथी और करीबी दोस्त जेमिमा रोड्रिग्स ने साझा किया था लेकिन यह उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी नहीं दिख रहा है। इसे दस लाख से अधिक लाइक्स मिले थे। पलाश की पार्श्व गायिका बहन पलक ने एक छोटा सा नोट साझा करके अटकलों को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि शादी सिर्फ होने वाली दुल्हन के पिता की सेहत की वजह से टाली गई है। उन्होंने सोमवार को कहा, 'स्मृति के पिता की सेहत की वजह से, स्मृति और पलाश की शादी रोक दी गई है। हम आप सभी से आग्रह करते हैं कि इस संवेदनशील समय में दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें।'

## ओलंपिक की निराशा के बाद फिटनेस और मानसिक स्पष्टता से वापसी में मदद मिली: लक्ष्य

**नयी दिल्ली:** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बने लक्ष्य सेन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने की निराशा ने उनका मनोबल तोड़ा था लेकिन शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्पष्टता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने से उन्हें बैडमिंटन के प्रति अपने लगाव को फिर से जगाने में मदद मिली। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पेरिस से लौटने के बाद काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। लक्ष्य ने सिडनी से घर लौटने के बाद लक्ष्य ने चुनिंदा मीडिया से कहा, 'ओलंपिक में निराशा के बाद कड़ी मेहनत करने के लिए खुद को प्रेरित करना थोड़ा मुश्किल था। मैंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया लेकिन वापसी पर भी मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'मै कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर में ही बाहर हो गया। मैं मानसिक रूप से बहुत सी चीजों से निपट रहा था और पूरी तरह से फिट नहीं होने के बावजूद कुछ टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा कर रहा था।' लक्ष्य को पीठ की मांसपेशियों की खिंचाव से निपटने और फिटनेस



हासिल करने के लिए अस्पताल के साथ ऑस्ट्रिया के साल्जबर्ग स्थित एथलीट परफॉर्मेंस सेंटर में समय बिताना पड़ा। वह शारीरिक परेशानियों के साथ मानसिक थकान से भी जूझ रहे थे। उन्होंने कहा, 'पूरे साल मेरे मन में बहुत सी बातें और बहुत सारी शंकाएं थीं। मेरी ट्रेनिंग और टूर्नामेंटों में खेलने को लेकर बहुत सारे लोगों के विचार काफी अलग-अलग थे। मेरे लिए ऐसे में सभी चीजों को पीछे छोड़कर खुद पर विश्वास करना जरूरी था कि मैं सही चीजें कर रहा हूं।'

## असंभव लक्ष्य के सामने लड़खड़ाया भारत, बड़ी हार का खतरा मंडराया



**गुवाहाटी:** गुवाहाटी : असंभव लक्ष्य के सामने भारतीय टीम लड़खड़ा गई है और गुवाहाटी में खेले जा रहे दूसरे व अंतिम टेस्ट मैच में उस पर बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा छोड़ी गई बल्लेबाजी-अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते दिखे। दो मैचों की श्रृंखला में पहले से 0-1 से पीछे भारत को 549 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक उसने 15.5 ओवर में सिर्फ दो विकेट पर 27 रन ही बनाए। टीम को अब भी 522 रन चाहिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर घोषित की। युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने 180 गेंदों पर 94 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (49) के साथ 101 रन और वियान मुल्डर (नाबाद 35) के साथ 82 रन की अहम साझेदारियां निभाईं। मेजबान टीम ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे, जबकि भारत सिर्फ 201 रन पर सिमट गया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। यशस्वी जायसवाल (13) मार्को यानसन की तेजी से उठती गेंद पर कैच दे बैठे, जबकि केएल राहुल (6) साइमन हार्मर की स्पिन पर बोल्ड हो गए। दिन का खेल खत्म होने तक साई सुदर्शन 2 और नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव 4 रन पर टिके हुए थे। पिच पर दरारें पड़ने से स्पिनरों को बड़ी मदद मिल रही है। यदि भारत हार्मर और अन्य स्पिनरों के सामने मैच बचाने में सफल रहता है, तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी, हालांकि हाल के रिकॉर्ड को देखते हुए इसकी संभावना कम नज़र आती है। भारत की ओर से जडेजा ने 62 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि वाशिंगटन सुंदर को एक सफलता मिली।

### अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला: वेदांत त्रिवेदी के अर्धशतक से भारत बी ने अफगानिस्तान को हराया

**बेंगलुरु:** वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने मंगलवार को यहां अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे। त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली जिससे भारत बी ने 11 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से उजेइरुल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। उजेइरुल्लाह ने उस पर मोर्चा संभाला जब अफगानिस्तान की टीम 25वें ओवर में 78 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। भारत बी की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर बीके किशोर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### यह श्रृंखला गंवाने का हम पर असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अगली श्रृंखला आठ महीने बाद है: जडेजा

**गुवाहाटी :** अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में संभावित हार का अगले साल अगस्त में श्रीलंका में होने वाली टेस्ट श्रृंखला पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि दूसरे टेस्ट में ड्रॉ कराना युवा टीम के लिए 'जीत' जैसा होगा। भारत का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला गंवाना लगभग तय है क्योंकि आखिरी दिन 549 रन का लक्ष्य हासिल करना नामुमकिन होगा। चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद जडेजा ने संवाददाताओं से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इसका अगली श्रृंखला पर कोई असर पड़ेगा। लेकिन एक क्रिकेटर के तौर पर कोई भी श्रृंखला हारना नहीं चाहता, विशेषकर भारत में। इसलिए उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे। हम कल अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम टेस्ट मैच बचाने की कोशिश करेंगे। अगर हम श्रृंखला नहीं भी जीत रहे हैं तो भी हम मैच ड्रॉ कर सकें जो हमारे लिए जीत की तरह की स्थिति होगी।' अगले कुछ हफ्तों में 37 बरस के होने वाले जडेजा का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला गंवाना भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों के लिए सीखने के लिहाज से बहुमूल्य होगा।

### टी20 विश्व कप 2026 कार्यक्रम

| तारीख | टीम 1 | टीम 2 | जगह |
|---|---|---|---|
| 7 फरवरी | पाकिस्तान | नीदरलैंड्स | एसएससी, कोलंबो |
| 7 फरवरी | वेस्ट इंडीज | बांग्लादेश | कोलकाता |
| 7 फरवरी | भारत | यूएसए | मुंबई |
| 8 फरवरी | न्यूजीलैंड | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| 8 फरवरी | इंग्लैंड | नेपाल | मुंबई |
| 8 फरवरी | श्रीलंका | आयरलैंड | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 9 फरवरी | बांग्लादेश | इटली | कोलकाता |
| 9 फरवरी | जिम्बाब्वे | ओमान | एसएससी, कोलंबो |
| 9 फरवरी | द. अफ्रीका | कनाडा | अहमदाबाद |
| 10 फरवरी | नीदरलैंड्स | नामीबिया | दिल्ली |
| 10 फरवरी | न्यूजीलैंड | यूएई | चेन्नई |
| 10 फरवरी | पाकिस्तान | यूएसए | एसएससी, कोलंबो |
| 11 फरवरी | द. अफ्रीका | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| 11 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया | आयरलैंड | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 11 फरवरी | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | मुंबई |
| 12 फरवरी | श्रीलंका | ओमान | कैंडी |
| 12 फरवरी | नेपाल | इटली | मुंबई |
| 12 फरवरी | भारत | नामीबिया | दिल्ली |
| 13 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया | जिम्बाब्वे | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 13 फरवरी | कनाडा | यूएई | दिल्ली |
| 13 फरवरी | USA | नीदरलैंड्स | चेन्नई |
| 14 फरवरी | आयरलैंड | ओमान | SSC, कोलंबो |
| 14 फरवरी | इंग्लैंड | बांग्लादेश | कोलकाता |
| 14 फरवरी | न्यूजीलैंड | दक्षिण अफ्रीका | अहमदाबाद |
| 15 फरवरी | वेस्ट इंडीज | नेपाल | मुंबई |
| 15 फरवरी | यूएसए | नामीबिया | चेन्नई |
| 15 फरवरी | भारत | पाकिस्तान | प्रेमादासा कोलंबो |
| 16 फरवरी | अफगानिस्तान | यूएई | दिल्ली |
| 16 फरवरी | इंग्लैंड | इटली | कोलकाता |
| 16 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया | श्रीलंका | कैंडी |
| 17 फरवरी | न्यूजीलैंड | कनाडा | चेन्नई |
| 17 फरवरी | आयरलैंड | जिम्बाब्वे | कैंडी |
| 17 फरवरी | बांग्लादेश | नेपाल | मुंबई |
| 18 फरवरी | दक्षिण अफ्रीका | यूएई | दिल्ली |
| 18 फरवरी | पाकिस्तान | नामीबिया | एसएससी, कोलंबो |
| 18 फरवरी | भारत | नीदरलैंड्स | अहमदाबाद |
| 19 फरवरी | वेस्टइंडीज | इटली | कोलकाता |
| 19 फरवरी | श्रीलंका | जिम्बाब्वे | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 19 फरवरी | अफगानिस्तान | कनाडा | चेन्नई |
| 20 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया | ओमान | कैंडी |
| 21 फरवरी | Y2 | Y3 | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 22 फरवरी | Y1 | Y4 | कैंडी |
| 22 फरवरी | X1 | X4 | अहमदाबाद |
| 23 फरवरी | X2 | X3 | मुंबई |
| 24 फरवरी | Y1 | Y3 | कैंडी |
| 25 फरवरी | Y2 | Y4 | कोलंबो |
| 26 फरवरी | X3 | X4 | अहमदाबाद |
| 26 फरवरी | X1 | X2 | चेन्नई |
| 27 फरवरी | Y1 | Y2 | प्रेमादासा, कोलंबो |
| 28 फरवरी | Y3 | Y4 | कैंडी |
| 1 मार्च | X2 | X4 | दिल्ली |
| 1 मार्च | X1 | X3 | कोलकाता |
| 4 मार्च | सेमीफाइनल 1 | — | कोलकाता / कोलंबो |
| 5 मार्च | सेमीफाइनल 2 | — | मुंबई |
| 8 मार्च | फाइनल | — | अहमदाबाद / कोलंबो |



## विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 314 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 75 अंक की गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक यानी 0.37 प्रतिशत टूटकर 84,587.01 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 363.98 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,884.80 अंक पर आ गया। शुक्रवार से अब तक तीन सत्रों में निफ्टी 307 अंक यानी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे आ गया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स 1,045 अंक यानी 1.2 प्रतिशत लुढ़का है। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, ट्रेंट, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस सबसे अधिक नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, इटर्नल, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,171.75 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 4,512.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक अनुबंधों की समाप्ति के दिन घरेलू बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा।

## सरकार ने यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए

**नयी दिल्ली:** सरकार ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया में नए कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किए हैं। इन बैंकों ने मंगलवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। ये सभी नियुक्तियां तीन वर्षों के लिए की गई हैं। पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अमरेश प्रसाद को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तीन वर्ष या 31 अक्टूबर 2028 को सेवानिवृत्ति तक या अगले आदेश तक के लिए है। प्रसाद के पास शाखा बैंकिंग, क्षेत्रीय कार्यालय और प्रधान कार्यालय में काम करने सहित 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह कॉरप-रेट ऋण, ऋण समीक्षा एवं निगरानी और लेनदेन निगरानी में विशेषज्ञता रखते हैं। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में इसी बैंक के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक ई रतन कुमार को बोर्ड में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने 1997 में सेंट्रल बैंक से ही करियर शुरू किया था और उनके पास कोर बैंकिंग तथा आईटी क्षेत्र में लगभग 35 वर्षों का अनुभव है। बैंक ऑफ इंडिया में प्रमोद कुमार द्विवेदी ने 24 नवंबर को कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने तीन दशक से अधिक के करियर में भारत और विदेश में विभिन्न भूमिकाओं में काम किया है तथा उनके पास बैंकिंग संचालन के लगभग सभी क्षेत्रों के साथ ही प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी अनुभव है।

# वायु प्रदूषण कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन, नई प्रौद्योगिकी पर ध्यान देना होगा: गडकरी

**नयी दिल्ली:** देश को वायु प्रदूषण कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन, जैव-ईंधन के साथ ही नयी प्रौद्योगिकी और नवाचार पर ध्यान देना होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को 'आईसीवीए ग्रीन रिटर्न्स समिट 2025' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी देश या समाज में नैतिकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण-पारिस्थितिकी, तीन सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। गडकरी ने कहा, ''पर्यावरण और पारिस्थितकी बहुत महत्वपूर्ण हैं... वायु प्रदूषण के बारे में मुझे बताने की जरूरत नहीं। आप खुद इस समस्या को महसूस कर रहे हैं। हम दिल्ली में इसका सामना कर रहे हैं।'' सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि कुल वायु प्रदूषण का 40 प्रतिशत हिस्सा परिवहन ईंधन से आता है और यह देश, खासकर दिल्ली के लिए बड़ी समस्या है। गडकरी ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन आयात करने में 22 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है और जीवाश्म ईंधन के कारण ही ''हम प्रदूषण की समस्या को झेल रहे हैं।''



उन्होंने कहा, 'हमें प्रदूषण कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव-ईंधन पर ध्यान देना होगा।' केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बेहद खराब' श्रेणी में 360 रहा। यह सोमवार को 382 था। उन्होंने कहा कि भारत नयी तकनीक और नए नवाचार विकसित करके भी प्रदूषण कम कर सकता है। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के तेज विस्तार की वजह से इस साल दिसंबर तक भारत में लॉजिस्टिक लागत एकल अंक में आ जाएगी। आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बेंगलुरु की हाल की रिपोर्ट से पता चला कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से भारत की लॉजिस्टिक लागत पहले के 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह गई है। मंत्री ने कहा कि दिसंबर तक भारत की लॉजिस्टिक लागत नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे भारत ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक लागत 12 प्रतिशत है, जबकि चीन में 8 से 10 प्रतिशत। भारत के वाहन क्षेत्र की बात करते हुए गडकरी ने कहा कि पांच साल के अंदर हमारा लक्ष्य भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है।

### इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली:** रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। जून तिमाही में उच्च वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कम प्रभाव को देखते हुए यह अनुमान बढ़ाया गया है। इंडिया रेटिंग्स के बयान के अनुसार, उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह उसके पिछले अनुमान 6.3 प्रतिशत (जुलाई, 2025 में जारी) से 0.7 प्रतिशत अधिक है।

## जन विश्वास विधेयक के तीसरे संस्करण पर कर रहे हैं काम : गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि उनके मंत्रालय ने जन विश्वास विधेयक के तीसरे संस्करण के जरिये छोटे कारोबारी अपराधों को और अपराध-मुक्त करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने पहले ही लगभग 275-300 ऐसे प्रावधानों की पहचान कर ली है, जिन्हें अपराध-मुक्त की श्रेणी में डाला जा सकता है। उन्होंने यहां घरेलू व्यापारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''जन विश्वास विधेयक-3 की तैयारी चल रही है।'' जन विश्वास (प्रावधान में संशोधन) विधेयक-2025, जो



जीवन और व्यापार को आसान बनाने के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराध-मुक्त करने की कोशिश करता है, अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था और एक प्रवर समिति को भेजा गया था। समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक सदन में अपनी रिपोर्ट जमा करने का काम सौंपा गया है। इस कानून का पहला संस्करण 2023 में लागू किया गया था। इसमें 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में

## न्यूज अपडेट

### त्योहारी मांग से दिल्ली में सोना 1.28 लाख रुपये पर, चांदी 5,800 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली:** शादी-विवाह के मौसम की मांग के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ताजा खरीदारी के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। सर्राफा में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गयी। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी लिवाली देखी गई। यह 5,800 रुपये बढ़कर 1,60,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गई। व्यापारियों ने कहा कि शादियों के मौसम के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ी है।

### अदाणी एंटरप्राइजेज का 25,000 करोड़ रुपये का राइट इश्यू अभिदान के लिए खुला

**नयी दिल्ली:** उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की मुख्य कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने मंगलवार को भारत के सबसे बड़े राइट इश्यू में से एक को अभिदान के लिए खोला। इसमें एक शेयर की कीमत 1,800 रुपये रखी गई है, जो मंजूरी तारीख के भाव से करीब 24 प्रतिशत कम है। कंपनी के राइट इश्यू दस्तावेज के अनुसार पूरी तरह भरने पर निर्गम का कुल आकार 24,930.30 करोड़ रुपये होगा। इसमें 13.85 करोड़ से अधिक नए शेयर जारी किए जाएंगे। निर्गम 10 दिसंबर को बंद होगा। राइट इश्यू कंपनी द्वारा अपने मौजूदा शेयरधारकों को नए शेयर जारी करने की एक प्रक्रिया है, जिसमें कंपनी उन्हें यह अधिकार देती है कि वे अपने मौजूदा शेयरों के अनुपात में नए शेयर खरीद सकते हैं। इस निर्गम में हर 25 इक्विटी शेयरों पर तीन राइट इक्विटी शेयर दिए जा रहे हैं। यह पेशकश सभी पात्र शेयरधारकों के लिए खुली है। कंपनी में करीब 74 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले प्रवर्तक ने पुष्टि की है कि वह अपनी पूरी हिस्सेदारी खरीदेंगे।

### नई श्रम संहिताओं से खपत में 75,000 करोड़ रुपये का इजाफा होगा: एसबीआई रिपोर्ट

**मुंबई:** भारतीय स्टेट बैंक के अर्थशास्त्रियों ने मंगलवार को कहा कि नई श्रम संहिताओं को लागू करने से देश में खपत 75,000 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगी। साथ ही इस कदम से संगठित क्षेत्र में काम करने वालों की संख्या में कम से कम 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर से लागू हुई इन संहिताओं से अगले तीन साल में 85 प्रतिशत तक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिलने लगेगी और मध्यम अवधि में बेरोजगारी दर 1.3 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में कहा, ''लगभग 30 प्रतिशत बचत दर को देखते हुए, श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद हर व्यक्ति प्रतिदिन 66 रुपये की अतिरिक्त खपत कर सकेगा। इससे कुल मिलाकर लगभग 75,000 करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी।'' उन्होंने कहा कि ये चारों श्रम संहिताएं श्रमिकों के साथ-साथ कंपनियों को भी सशक्त बनाएंगी और। इससे सुरक्षित, उत्पादक और आज की जरूरतों के अनुरूप श्रमशक्ति तैयार होगी। सामाजिक सुरक्षा बढ़ने के बारे में रिपोर्ट कहती है कि असंगठित क्षेत्र में करीब 44 करोड़ लोग काम करते हैं, जिनमें से लगभग 31 करोड़ मजदूर ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं। अगर इनमें से 20 प्रतिशत लोग भी अनौपचारिक वेतन से संगठित वेतन व्यवस्था में आ जाएं, तो करीब 10 करोड़ लोगों को फायदा होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3421 अंक 231, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in